वर्ष- 21 अंक - 213 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

# ठाकरे का किला ढहा अब भाजपा का राज

*पहली बार मुंबई की किंग बन रही बीजेपी की बढ़त...*

**मुंबई ● एजेंसी**

मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) सहित महाराष्ट्र की 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव की मतगणना आज 10 बजे शुरू हुई। सबकी नजर बीएमसी के चुनाव परिणामों पर है। यहां पिछले कई सालों से शिवसेना का राज है, लेकिन पहली बार बीएमसी पर भाजपा का राज होते दिख रहा है। अगर ऐसा होता है तो ठाकरे का किला यहां ढह जाएगा। शुरुआती रुझान के मुताबिक मुंबई के 50 वार्डों में भाजपा आगे है, जबकि ठाकरे भाईयों का गठबंधन 28 पर आगे है। इस चुनाव को जीतने के लिए उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने हाथ मिलाया था फिर भी इनका गठबंधन हार की कगार पर नजर आ रहा है। यहां भाजपा और शिंदे की शिवसेना का गठबंधन बढ़त बनाए हुए है। मतगणना से पहले जो एग्जिट पोल आए उसके मुताबिक भाजपा व शिंदे गुट के गठबंधन को 227 वार्डों से 131 से 151 सीटें मिलने का अनुमान है। जबकि ठाकरे भाइयों के गठबंधन को 58 से 68 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस गठबंधन 12-16 सीटों पर सिमट सकती है।





2017 के बीएमसी चुनावों में अविभाजित शिवसेना 84 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी थी, जबकि बीजेपी मात्र दो कदम पीछे 82 सीटों पर रही थी। कांग्रेस को 31, एनसीपी को 9 और मनसे को 7 सीटें मिली थीं। मतगणना शुरू होने से पहले ही मुंबई में भाजपा ने जश्न की तैयारी शुरू कर दी। यहां बड़ा मंच भी बनाया गया है और भीड़ को रोकने के लिए बैरिकेड्स भी लगाए गए हैं। मिठाई बनाने का काम भी शुरू हो गया।

## पुणे, नागपुर, ठाणे में भी भाजपा को बढ़त, कोल्हापुर में कांग्रेस आगे

**मुंबई की तरह पुणे, नागपुर, ठाणे के नगर निगम के चुनाव में भी भाजपा ने बढ़त बना रखी है, जबकि कोल्हापुर में कांग्रेस आगे चल रही है। अकोला, पिंपरी, चिंचवड़ में भी भाजपा आगे है, जबकि छत्रपति संभाजी नगर में ओवैसी की पार्टी 5 वार्डों में आगे चल रही है। यहां भाजपा 4 सीटों पर आगे है।**

## महाकाल की भस्म आरती में पहुंचे गौतम गंभीर



**उज्जैन.एजेंसी।** इंदौर में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले क्रिकेट मैच से पहले आज भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर और बैटिंग कोच शीतांशु कोटक महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे और भस्म आरती में शामिल हुए।

# ईरान पर हमले से पीछे हटे ट्रंप अब 800 लोगों को नहीं होगी फांसी

**शुक्रवार.एजेंसी।** सऊदी अरब, कतर और ओमान की कूटनीतिक कोशिशों के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर संभावित हमला टाल दिया है। खाड़ी देशों के अधिकारियों ने कहा कि इन तीन देशों ने ट्रंप को समझाने के लिए 'आखिरी वक्त में कड़ा संघर्ष' किया, जिससे ईरान को अपनी नेक नीयत दिखाने का एक मौका मिल सके। यह हस्तक्षेप तब हुआ, जब अमेरिका ने ईरान में प्रदर्शनकारियों पर हो रहे दमन के विरोध में सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी थी। खाड़ी देशों के दबाव और इस आश्वासन के बाद कि ईरान 800 प्रदर्शनकारियों को फांसी नहीं देगा, ट्रंप ने अपना रुख बदल लिया।

### ईरान से आज लौटेंगे भारतीय छात्र

बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को नागरिक उड़ानों के लिए दोबारा खोल दिया है। इसी के साथ वहां फंसे भारतीय छात्रों की निकासी प्रक्रिया तेज हो गई है। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अनुसार तेहरान से दिल्ली के लिए पहली निकासी उड़ान आज शुक्रवार को रवाना होने वाली है।

## संदिग्ध मांस की अफवाह से तोड़फोड़, पथराव, आगजनी

**सुंदरगढ़.एजेंसी।** ओडिशा के सुंदरगढ़ शहर में संदिग्ध मांस होने की अफवाह के बाद दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। रीजेंट मार्केट इलाके से आई उग्र भीड़ ने एक घर में तोड़फोड़ की और पिकअप वैन में आग लगा दी। पुलिस टीम के मौके पर पहुंचने के दौरान अचानक पत्थरबाजी शुरू हो गई, जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने गुरुवार शाम 6 बजे से पूरे शहर में 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद कर दिया है। सुंदरगढ़ के मुख्य मार्केट और रीजेंट मार्केट इलाके में तनाव तब शुरू हुआ, जब एक घर में संदिग्ध मांस मिलने की बात इलाके में फैल गई।

# उत्तराखंड के जंगल में आग का तांडव

## सेब के सैकड़ों पेड़ जलकर खांक

**देहरादून.एजेंसी।** उत्तराखंड के देहरादून जिले के पर्वतीय क्षेत्र त्यूणी में जंगल की आग ने भारी तबाही मचाई है। हरटाड़ गांव के पास भड़की आग जंगल से सीधे कृषि क्षेत्रों तक पहुंच गई, जहां सैकड़ों सेब के पेड़ आग की चपेट में आ गए। इस घटना से स्थानीय किसानों को भारी नुकसान हुआ है। भीषण आग के कारण आसपास के लोग घरबार छोड़कर चले गए।



### फ्लैश...

- प्रयागराज में मकर संक्रांति के मौके पर 1.03 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई डुबकी
- दिल्ली-एनसीआर में आज भी घना कोहरा, विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम
- पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा में 13 आतंकवादियों को मार गिराया

# पतंगबाजी के लिए पूरी रात रोशन रहा आसमान

**हैदराबाद.एजेंसी।** तेलंगाना के हैदराबाद की ओल्ड सिटी में इन दिनों एक अनोखा और रंगीन नजारा देखने को मिल रहा है। मकर संक्रांति और अन्य मौकों तक सीमित रहने वाली पतंगबाजी अब रात के समय भी बड़े पैमाने पर की जा रही है। खासतौर पर गोशामहल और बेगमबाजार इलाके में यह ट्रेंड तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, जहां हर रात हजारों लोग पतंग उड़ाने के लिए जुट रहे हैं। इमारतों और घरों की छतों पर तेज रोशनी की व्यवस्था की गई है। कई मकान मालिकों ने अपनी छतें रात की पतंगबाजी के लिए किराए पर दे दी हैं, जिनका किराया लाखों रुपए तक पहुंच गया है। छतें अब सिर्फ घर का हिस्सा नहीं रहीं, बाल्कि मनोरंजन और उत्सव का प्रमुख केंद्र बन गई हैं।

## जम्मू-कश्मीर में फिर दिखे पाकिस्तानी ड्रोन

**श्रीनगर.एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ और सांबा जिलों में कल शाम को रामगढ़ सेक्टर में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर पाकिस्तानी ड्रोन मंडराते देखे गए। इसके बाद सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने एंटी-अनमैन्ड एरियल सिस्टम को एक्टिवेट कर दिया। पिछले 5 दिनों में तीसरी बार यहां पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए।



## ट्रंप को मिल गया नोबेल पुरस्कार

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** वेनेजुएला संकट के बीच वेनेजुएला की विपक्षी नेता और नोबेल विजेता मचाडो की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात ने सियासी हलचल बढ़ा दी है। मचाडो ने दावा किया कि उन्होंने ट्रंप को अपना नोबेल शांति पुरस्कार पदक भेंट किया। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि क्या उन्होंने वास्तव में इसे स्वीकार किया। मचाडो लंच मीटिंग के लिए गुरुवार को व्हाइट हाउस पहुंचीं थीं। इस मुलाकात और गिफ्ट डिप्लोमेसी ने वॉशिंगटन से कराकस तक नई अटकलों को जन्म दे दिया है।




# मुख्यमंत्री और मंत्री के चित्र के साथ शुरू हुआ आरओ का पानी बंटना

## मामला भागीरथपुरा का, रहवासी ने प्लांट लगाकर किया आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एडवोकेट विजय यादव भागीरथपुरा में हुए दूषित पानी से हादसे के बाद पहले खुद हजारों रुपया खर्च कर निजी टैंकर से पानी खरीदकर लोगों में वितरित करवा रहे थे। अब उन्होंने खुद आरओ प्लांट लगवाकर आरओ के पानी का वितरण भागीरथपुरा क्षेत्र में शुरू कर रखा है और यह जल वितरण निःशुल्क यादव द्वारा करवाया जा रहा है। पिछले करीब 10 दिनों से यादव शुद्ध पानी भागीरथपुरा क्षेत्र में सप्लाय करवा रहे हैं। यादव के घर के समीप ही करीब साढ़े 3 लाख रु. की लागत से उन्होंने आरओ प्लांट लगवाया। बकायदा एक टैंकर भी खड़ा है, जिसमें आरओ का पानी भरवाकर वितरण किया जा रहा है और पानी की टंकियां भी मौजूद है, जिनके माध्यम से लोगों तक शुद्ध पानी पहुंच रहा है। इन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के चित्र भी यादव ने लगवा रखे हैं। इस तरह एक आम नागरिक ने आम जनता की चिंता पालकर पैसा लगाकर आरओ मशीन लगवाई और अब खर्च कर निःशुल्क आरओ के जल वितरण भी करवा रहे हैं, जो सराहनीय कार्य है।

# बेसमेंट में गिरी दीवार और डीपी तो पहुंच गए महापौर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महालक्ष्मी नगर एमआर-5 क्षेत्र में बहुमंजिला भवन के लिए बेसमेंट की खुदाई का कार्य चल रहा है। जब खुदाई हो रही थी तभी पड़ोस के भवन वालों ने कहा था कि उनकी दीवार को खतरा है, लेकिन सुना नहीं गया। खुदाई के दौरान मिट्टी खसकने से पड़ोस की बाउंड्रीवाल और साथ में विद्युत डीपी भी गिर गई, जिससे लाइटें भी बंद हुई और जिस भवन की दीवार गिरी वे भी तनाव में आए। इस घटना की जानकारी महापौर पुष्यमित्र भार्गव को दी गई। वे भी चल रहे तलघर के निर्माण को



देखने पहुंचे और निर्माण कार्य को रूकवाने की बात भी कही। यह भी कहा कि तलघर खुदाई के पहले वे आवश्यक अड़ोस-पड़ोस के लिए सुरक्षा ढांचा तैयार करें। जांच के लिए आवेदन पर कार्रवाई की बात भी महापौर ने कही। इस दौरान निगम और झोन अधिकारी, क्षेत्रीय पार्षद भी मौजूद रहे।

# बाकलीवाल का सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल का विश्व जैन संगठन एवं जिनशासन एकता संघ द्वारा स्वागत और सम्मान का आयोजन किया गया। मयंक जैन, राजेश जैन, ओम पाटोदी, पारस जैन सहित अन्य मौजूद थे।





# विधायक और पार्षद रहे मौजूद

## स्थापना महोत्सव में पहुंचे प्रदीप मिश्रा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। ग़ज़ासीन शनिधाम उषानगर में स्थापना दिवस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम के अन्तर्गत कथावाचक प्रदीप मिश्रा शुभारम्भ अवसर पर पहुंचे। प्रदीप मिश्रा और दादू महाराज ने 251 ध्वजों का पूजन व तीन दिवसीय आयोजन का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। मिश्रा का सम्मान भी किया गया। विधायक मालिनी गौड, पार्षद हरप्रीत कौर लुथरा, प्रताप तोलानी, आशीष साहू, मनोज हार्डिया, संदीप अम्बेकर, उमेश सोनी, संजय अग्रवाल, जिया कुकरेजा, ज्योति चौथवानी, केदारमल जाखेटिया, विनायक विपट, गौरव पाल, अलका सैनी, विजय अम्बेकर मौजूद रहे।

# दिग्विजयसिंह आज रात आएंगे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कल शनिवार आगमन के पूर्व आज रात 8 बजे पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद दिग्विजयसिंह इन्दौर प्रस्थान करेंगे। सुवेग राठी एवं नासिर खान ने बताया कि दिग्विजयसिंह आज शाम 4 बजे भोपाल से निकलेंगे। रात्रि 8 बजे इन्दौर पहुंचकर रात्रि विश्राम इन्दौर में ही करेंगे।

# कांग्रेसियों ने लगवाई आर ओ मशीन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल से उपजी जन-त्रासदी के बीच कांग्रेस नेताओं ने पीड़ित परिवारों के लिए प्रत्यक्ष सहायता का हाथ बढ़ाया।**

कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान आर ओ का वितरण किया और आरोप लगाया कि यहां के रहवासियों ने सांसद, महापौर, विधायक और पार्षद से आर ओ की मांग की थी लेकिन आर ओ नहीं मिला लेकिन दूषित पानी मिल गया। पीडित परिवार के यहां आर ओ मशीन कांग्रेस नेताओं ने लगवाई। इसमें सज्जनसिंह वर्मा, राजेश चौकसे, अमित चौरसिया, दीपक मलोरिया रानू,



मदनसिंह यादव, अमित यादव, आशीष यादव, सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे। कल कांग्रेस नेताओं ने भागीरथपुरा पहुंचकर आर ओ मशीन योगेश, वंदना, शैलेन्द्र, प्रियंका सिंह के घरों में लगवाई। दिव्यांग परिवार ने भी कांग्रेस नेताओं का आभार व्यक्त किया।

# अंगदान को जन-आंदोलन बनाने की पहल



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मिताशा फाउंडेशन के आलोक सिंगी के नेतृत्व में, सांसद सेवा संकल्प के सहयोग से शहर में एक लाख नागरिकों को अंगदान की शपथ दिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी उद्देश्य को लेकर एआईसीटीएसएल परिसर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर के प्रबुद्ध नागरिक, सामाजिक संस्थाएं, औद्योगिक व व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के दौरान प्रस्तुत आंकड़ों ने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया। देश की 140 करोड़ से अधिक आबादी के बावजूद, अब तक पूरे भारत में केवल लगभग 4.5 लाख लोगों ने ही अंगदान का संकल्प लिया है। वहीं इंदौर जैसे जागरूक और अग्रणी शहर में यह संख्या साढ़े तीन हजार से भी कम है। इस गंभीर अंतर को पाटने और इंदौर को अंगदान के क्षेत्र में देश का नेतृत्वकर्ता शहर बनाने के संकल्प के साथ मिताशा फाउंडेशन ने इस अभियान की शुरुआत की है।

# प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे इंदौरी, कामले का किया स्वागत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश कांग्रेस स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारीगण भोपाल प्रवास के दौरान कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जहां प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी डा. संजय कामले से भेंट कर उनका स्वागत किया गया। अजय सीतलानी, अशोक कुमार सिंधु, विकास जोशी, बलराज चोगले, मनोहर सिंह तोमर, मनोज मालवीय उपस्थित थे।



# बड़े कॉलोनाइजर, ठेकेदार गोयल समूह पर छापा

## आयकर विभाग ने गोयल समूह के निवेशकों को भी टटोला, हवाला कारोबारी भी निशाने पर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**आयकर विभाग ने आज सुबह ठेकेदार बी.आर. गोयल समूह पर छापेमारी की है। गोयल के इन्दौर स्थित आफिस, घर सहित अन्य ठिकानों पर सर्चिंग की जानकारी सामने आ रही है, यह कार्रवाई बेनामी सम्पतियों की आशंका में की जा रही है। विभाग ने समूह से जुडे निवेशकों और हवाला कारोबारियों को भी टटोला है। विभाग द्वारा दस्तावेज एवं डिजिटल डेटा की भी जांच की जा रही है।**





इनकम टैक्स विभाग ने सडक निर्माण करने वाली कम्पनी बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के ठिकानों पर छापा मारा है। सपना-संगीता रोड स्थित कार्यालय और कम्पनी के डायरेक्टर के घर पर सर्चिंग हो रही है। सूत्रों के मुताबिक बीआर गोयल द्वारा इंडस्ट्रीयल टाऊनशिप भी बनाई गई थी। इसके अलावा नगर निगम और इन्दौर विकास प्राधिकरण के भी कई ठेके कम्पनी ने लिए है। बताया जा रहा है कि एक समय यह कम्पनी कमजोर हो गई थी जिसके बाद पुनः बड़ा साम्राज्य खड़ा किया गया। इसलिए आशंका है कि कुछ अधिकारियों का बेनामी पैसा और कमीशन इसमें लगा हुआ है। कम्पनी ने इन्दौर के बाहर भी प्रोजेक्ट लिए थे। आशंका है कि इसके लिए पैसा हवाले के माध्यम से पहुंचाया गया है जिसके चलते हवाला कारोबारी भी विभाग के निशाने पर है। विभाग द्वारा दस्तावेज और डिजिटल डेटा की जांच की जा रही है। कम्पनी सडक, राजमार्ग, पुल और इमारतों के निर्माण के साथ कई अन्य सर्विसेस भी देती है। टैक्स में गड़बड़ी से सम्बंधित सूचनाएं विभाग तक पहुंची थी। जिसके बाद सर्वे की कार्रवाई शुरु हुई है जो खबर लिखे जाने तक जारी है। फिलहाल इस मामले में कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# राहुल गांधी कल इंदौर में साढ़े तीन घंटे रुकेंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

### एक घंटा भागीरथपुरा में, आधा घंटा अस्पताल रूकेंगे, कांग्रेस बना रही है सूची, कौन रहेगा साथ में, बैठक भी हो रही है

**लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का इंदौर दौरा तय हो चुका है। कल राहुल गांधी सुबह 11 बजे के करीब स्पेशल फ्लाइट से इंदौर पहुंचेंगे। इंदौर विमानतल पर उनकी अगवानी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रभारी हरीश चौधरी, सहप्रभारी उषा नायडू, चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े सहित अन्य करेंगे।**

15 मिनट बाद 11.15 बजे राहुल गांधी इंदौर विमानतल से बाम्बे अस्पताल के लिए रवाना होंगे। बाम्बे अस्पताल पहुंचकर वे करीब आधा घंटा वहां भागीरथपुरा दूषित जल पीने से बीमार भर्ती लोगों से मुलाकात करेंगे और उनके हालचाल भी पूछेंगे। वहां से करीब 12.15 बजे राहुल गांधी बाम्बे अस्पताल से रवाना होकर 12.45 पर भागीरथपुरा पहुंचेंगे। वे करीब एक घंटा भागीरथपुरा रूकेंगे और वहां पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे। करीब 1.45 बजे राहुल गांधी भागीरथपुरा से रवाना होकर इंदौर विमानतल पहुंचेंगे, जहां से वे दिल्ली के लिए रवाना होंगे। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने प्रदेश भर के पार्षदों को लेकर सम्मेलन का आयोजन भी रखा था, लेकिन उसकी स्वीकृति प्रशासनिक रूप से नहीं मिली, इसलिए अब केवल पीड़ितों से ही राहुल गांधी मिलेंगे और इंदौर में ही करीब साढ़े तीन घंटा रूकेंगे। आज विधानसभा में 1 में दीपू यादव के नेतृत्व में बैठक भी हो रही है, जिसमें भागीरथपुरा से संबंधित कांग्रेसी यह बताएंगे कि राहुल गांधी को किन पीड़ित परिवार के घर में जाना है। इस बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, सहप्रभारी उषा नायडू भी पीड़ित परिवार के घर जाने पर सील-ठप्पे लगाएंगे। साथ ही राहुल गांधी के साथ बाम्बे अस्पताल और भागीरथपुरा दौरे के दौरान कौन-कौन कांग्रेसी रहेगा उसकी सूची भी चौधरी और नायडू दोपहर में तैयार करेंगे। शहर कांग्रेस पल-पल की जानकारी प्रदेश कांग्रेस को दे रही है, क्योंकि मामला राहुल गांधी से जुड़ा हुआ है। अभी तो कांग्रेस ने 24 मृत लोगों की सूची बनाई है। इधर राहुल गांधी के लिए आई सुशांत मिश्रा और अन्य प्रशासनिक टीम भी इंदौर में मौजूद है।

# राहुल गांधी के दौरे और भारत-न्यूजीलैंड मैच को लेकर शहर में 'हाई अलर्ट'

### एसपीजी ने संभाला मोर्चा, चप्पे-चप्पे पर रहेगी सुरक्षा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 17 जनवरी को प्रस्तावित इंदौर दौरे को लेकर प्रशासनिक और सुरक्षा हलकों में हलचल तेज हो गई है। दूषित पेयजल से प्रभावित भागीरथपुरा क्षेत्र के पीड़ितों से मिलने आ रहे राहुल गांधी की सुरक्षा के लिए दिल्ली से स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) टीम इंदौर पहुँच चुकी है। वहीं, रविवार को होलकर स्टेडियम में होने वाले भारत-न्यूजीलैंड वन-डे मैच ने पुलिस की चुनौती को दोगुना कर दिया है।

सुरक्षा और राजनीतिक संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने पहले राहुल गांधी के दौरे की अनुमति देने से इन्कार किया था, लेकिन बाद में भागीरथपुरा और बॉम्बे हॉस्पिटल जाने की सशर्त अनुमति प्रदान की गई है। राहुल गांधी के एयरपोर्ट आगमन से लेकर उनके पूरे रूट और आयोजन स्थलों पर कड़ा सुरक्षा घेरा रहेगा। एसपीजी टीम ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर सुरक्षा ब्रीफिंग की है और कार्यक्रम स्थलों का बारीकी से निरीक्षण किया है।

### क्रिकेट मैच और वीआईपी मूवमेंट की दोहरी चुनौती

पुलिस और प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती राहुल गांधी के दौरे के अगले ही दिन 18 जनवरी होने वाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच है। होलकर स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले के लिए शहर में त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। डीआरपी लाइन के बल के अलावा अन्य जिलों और मुख्यालयों से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है।

### कांग्रेस देगी भागीरथपुरा के मृतक के परिजनों को 1-1 लाख के चेक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर के भागीरथपुरा में मृतक हुए 24 लोगों के लिए 1-1 लाख रु. के चेक देने का ऐलान किया है। इन मृतकों की सूची तैयार की जा रही है और उनके परिजनों से पूछा जाएगा कि प्रदेश कांग्रेस जो चेक बना रही है वह किस नाम से बनेगा। चेक भोपाल से बनकर इंदौर कल पहुंच जाएंगे और कल से ही शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे अपने चुनिंदा साथियों के साथ भागीरथपुरा पहुंचकर दो दिनों में यह चेक मृतकों के परिजनों को सौंपेंगे।**

# युवक कांग्रेस के सत्याग्रह आन्दोलन का समापन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पिछले शुक्रवार से युवक कांग्रेस ने 7 दिनों तक सरकार के खिलाफ सत्याग्रह आन्दोलन प्रदर्शन का आयोजन किया। भागीरथपुरा के अलावा अन्य क्षेत्र में भी दूषित जल वितरण को लेकर मुद्दे उठाए। भागीरथपुरा में हुई। लोगों की मौत का मुद्दा भी उठा। निगम परिषद के पास लगातार शिकायतें दर्ज होने के बावजूद गंदे पानी की सप्लाय जारी है। युवक कांग्रेस के अध्यक्ष अमित पटेल के नेतृत्व में धरना 7 दिनों तक सत्याग्रह के रूप में चला। इसके समापन अवसर पर युवक कांग्रेस के प्रभारी सीबी चौहान, रूपेश भदौरिया, यश घनघोरिया और संगठन प्रभारी चेतनसिंह चौधरी, जिला अध्यक्ष गजेन्द्रसिंह राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष दादूसिंह चौहान, अभिज्ञान शुक्ला और खुद अमित पटेल व उनके साथी सरफराज अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

### पटवारी ताई के घर भी पहुंच रहे हैं

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** प्रदेशकांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कृपाशंकर शुक्ला के निवास पर शिष्टाचार भेंट के लिए पहुंच रहे हैं और उसके बाद वे पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के निवास मनीषपुरी में भी दोपहर में पहुंचेंगे और सौजन्य भेंट करेंगे। उक्त जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने दी।

# भाजपा नेता का हुआ था पुलिस से विवाद!

### सोशल मीडिया पर हुआ जारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राऊ थाना के सामने रात को चैकिंग पाइंट के दौरान भाजपा नेता गोलू को रोका गया था, जिससे विवाद की स्थिति बनी थी। पुलिस ने नेताजी को मनाने की कोशिश भी की, नेताजी की भाषा भी तीखी हो गई थी जो वायरल सोशल मीडिया में सुनाई दे रही थी। पुलिस नेताजी को मनाती रही। मामला यह हुआ कि भाजपा नेता गोलू की गाड़ी पुलिस ने रोकी और गोलू ने भाजपा नेता का हवाला भी दिया, लेकिन एक पुलिसकर्मी ने शराब की चैकिंग के नाम पर नेताजी को गाड़ी से उतार लिया और मुंह पर ब्रीथ एनालाइजर मशीन लगाने की कोशिश की, जिससे नेताजी भड़क गए थे और पुलिस पर ही आरोप लगा दिया। यह पूरा मामला सोशल मीडिया पर जमकर चल रहा है। पुलिस में किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## महापौर परिषद की बैठक में आज 43 प्रस्ताव

# पानी की पाइप लाइन की देखरेख का ठेका देंगे

### बीआरटीएस पर डिवाइडर बनाने, सराफा चाट चौपाटी के दुकानदारों की सूची को मंजूरी देने, सड़क के पेच वर्क के टेंडर को मंजूर करने का प्रस्ताव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम की महापौर परिषद की बैठक आज होने जा रही है। इस बैठक के लिए 43 प्रस्ताव रखे गए हैं। इसमें पानी की पाइपलाइन की देखरेख का ठेका दिया जाएगा। इसके साथ ही बीआरटीएस पर रोड डिवाइडर बनाने के टेंडर को मंजूरी दी जाएगी। सराफा की चौपाटी के दुकानदारों की सूची को भी मंजूरी दी जाएगी और सड़क पर पेचवर्क करने के टेंडर को भी मंजूरी के लिए रखा गया है।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा महापौर परिषद की बैठक आज दोप्हर 3:00 बजे आयोजित की गई है। इस बैठक में पूरे शहर में क्षतिग्रस्त मार्ग का डामर पेच वर्क करने के लिए वित्तीय मंजूरी दी जाएगी। इसके साथ ही निरंजनपुर चौराहा से राजीव गांधी चौराहा तक बीआरटीएस के कॉरिडोर पर रोड डिवाइडर बनाने के टेंडर को मंजूरी दी जाएगी। कबीट खेड़ी में 245 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और 100 एम एल डी क्षमता के पंपिंग स्टेशन के कार्य को वित्तीय मंजूरी देने का प्रस्ताव रखा गया है। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत लिंबोड़ी तालाब का विकास करने, सारे शहर में हेड पंपवेल और हाइड्रेंट के संधारण का कार्य ठेके पर देने का प्रस्ताव रखा गया है। इस बैठक के लिए जारी की गई कार्य सूची में वाटर सप्लाई पाइप और अन्य सभी सेवाओं के वार्षिक मरम्मत के कार्य की दर को मंजरी दी जाएगी। इसके साथ ही सामुदायिक सार्वजनिक शौचालय और आदर्श यूरिनल के संचालन संधारण की योजना को भी मंजूरी दी जाएगी। नंदलालपुरा में देवी अहिल्या सब्जी फ्रूट मार्केट की 32 दुकानों के और आजाद नगर में मटन मार्केट में सात दुकानों के आवंटन का प्रस्ताव भी रखा गया है।

सराफा की चौपाटी के 69 दुकानदारों की सूची और विभाग में प्रस्तुत हुए 28 आवेदन पर विचार कर इस चौपाटी में लगने वाली दुकानदारों की सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कचरा संग्रहण के लिए 80 इलेक्ट्रिक क्लोजेटी पर गाड़ियों की खरीदी का प्रस्ताव भी रखा गया है। शहर के मुख्य मार्गों पर रोटरी डिवाइडर फुटपाथ ग्रीन बेल्ट पर पेंटिंग के लिए दर का निर्धारण किया जाएगा। इसके साथ ही सड़क पर चौराहे के पास में बनाई जाने वाली स्टॉप लाइन के लिए भी दर का निर्धारण होगा। सिटी बस कंपनी को नवंबर और दिसंबर के महापौर पास योजना के अंतर्गत जारी किए गए पास के लिए अंतर की राशि के भुगतान का प्रस्ताव रखा गया है।

#### अब होगी सीधी भर्ती

अब नगर निगम में सीधी भर्ती करने की भी प्रक्रिया शुरू की जा रही है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा यह निर्देश दिया गया था कि नगर निगम में रिक्त पदों पर कमेटी बनाकर सीधी भर्ती की जाए। इस निर्देश के परिपेक्ष में निगम आयुक्त के द्वारा निगम में द्वितीय और तृतीय श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती करने का प्रस्ताव तैयार कर महापौर परिषद को भेजा गया है। इस प्रस्ताव पर आज की बैठक में विचार किया जाएगा।

#### विज्ञापन के टेंडर होंगे

निगम के द्वारा शहर के विभिन्न मार्ग पर होर्डिंग लगाने के लिए ठेका देने हेतु विज्ञापन जारी करने की आज मंजूरी दी जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर लॉलीपॉप लगाने के लिए भी ठेका देने के टेंडर को आज मंजूरी दी जाएगी। शिवाजी मार्केट के मल्टीलेवल पार्किंग को मेट्रो रेल के कामकाज के लिए तोड़ने की भी आज अनुमति दी जाएगी।

## कांग्रेस ने गौशाला के सेवाकार्य में भाजपा को कोसा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने



बताया कि केन्द्र और प्रदेश सरकार और भाजपा की नगर निगम परिषद की कथनी और करनी के अन्तर के चलते कांग्रेस ने गौशाला पहुंचकर गाय को गुड़ और अन्य वस्तुओं से पेटपूजा कराई, चुनरी ओढ़ाई और भाजपा सरकार को सद्बुद्धि की गुहार लगाई और भाजपा की कथनी-करनी का विरोध किया। इस दौरान प्रमोद द्विवेदी, प्रेम खड़ायता, शंकर नैनावा, प्रेम वर्मा, वीजेन्द्रसिंह चौहान, हरीश भावसार, सचिन दुबे, कपिल उपाध्याय, रामा चन्दन सहित अन्य मौजूद थे।

## लाश लेकर ही पहुंच गए निगम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रिटायर निगम कर्मी महेन्द्र पिता जगदीश पथरोड उषा फाटक जेल रोड के रिटायर होने के बाद उन्हें पेंशन और अन्य भुगतान प्राप्त नहीं हुए, जिससे वे डिप्रेशन में चले गए। इसके लिए आवेदन भी लगाए गए थे और पत्नी के बीमार होने का हवाला भी दिया गया था। उनका शव लेकर संबंधित लोग कल निगम पहुंच गए और निगम प्रशासन और महापौर के खिलाफ नारेबाजी भी की और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की।

## 5 महीने में 6 वारदातें.. मंदिर से लौटने वाली

# महिलाओं को घर में घुसकर लूट रहा स्कूटर सवार बदमाश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में इन दिनों एक शातिर स्कूटर सवार बदमाश ने पुलिस की नींद उड़ा रखी है। यह लुटेरा पिछले पांच महीनों से एक ही विशेष पैटर्न अपनाकर महिलाओं को अपना शिकार बना रहा है। आरोपी मुख्य रूप से उन महिलाओं को निशाना बनाता है जो मंदिर से पूजा कर अकेले घर लौट रही होती हैं। अब तक हीरानगर, तिलक नगर और परदेशीपुरा थाना क्षेत्रों में करीब 6 ऐसी वारदातें सामने आ चुकी हैं, लेकिन पुलिस की तमाम नाकाबंदी और सीसीटीवी जांच के बावजूद आरोपी अब भी गिरफ्त से बाहर है।

जांच में सामने आया है कि बदमाश का काम करने का तरीका बिल्कुल तय है। वह मंदिर से घर जा रही महिलाओं का पीछा करता है और



जैसे ही महिला अपने घर के दरवाजे पर पहुँचती है, वह घर के भीतर घुसकर झपट्टा मारता है और सोने की चेन या पर्स लूटकर फरार हो जाता है। इस सीरियल लुटेरे ने पहली वारदात पिछले साल 14 सितंबर को सुखलिया के मार्थोमा स्कूल के पास अंजाम दी थी। इसके बाद उसके हौसले इतने बढ़ गए कि उसने लगातार पंडित दीनदयाल नगर, तिलक नगर जैन मंदिर के पास, बख्तावर राम नगर, क्लर्क कॉलोनी और अब हाल ही में नंदानगर में लूट की वारदात को अंजाम दिया है। हैरानी की बात यह है कि आरोपी हर बार स्कूटर पर सवार होता है और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी आसानी से चकमा देकर निकल जाता है।

पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं, जिनमें एक ही हुलिए का संदिग्ध व्यक्ति नजर आ रहा है। हालांकि, आरोपी की पहचान और सटीक लोकेशन अभी भी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। शहर में लगातार हो रही इन झपट्टामारी की वारदातों से महिलाओं में डर का माहौल है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है और जल्द ही उसे दबोच लिया जाएगा।

# ऑटो रिक्शा चालक की मुद्दों पर हड़ताल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

बड़ी संख्या में आटो रिक्शा के परमिट अलाट किए हुए हैं। अब भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ इन रिक्शा चालकों की समस्या को लेकर आन्दोलित होते दिख रहा हैं। वीरेन्द्रकुमार त्रिपाठी ने बताया कि इंदौर चारों तरफ तेजी से बढ़ रहा है और ऑटो रिक्शा की भूमिका शहर के यातायात में प्रमुख है। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन, प्रशासन, परिवहन विभाग, ऑटो रिक्शा संचालन में परेशानी पैदा करते हैं। शासन निर्धारित शुल्क से कई अधिक अवैध वसूली भी रिक्शा चालकों से कर रहा है, जो भ्रष्टाचार की श्रेणी में होकर ऑटो चालकों का आर्थिक शोषण है। आए दिन चालानी कार्रवाई होती है, जिससे चालकों में डर बना रहता है। इंदौर के फैले हुए 60 किलोमीटर के दायरे में ऑटो संचालन की वैध अनुमति दी जाए, अवैध वसूली पर तुरंत रोक लगाई जाए। नियमों के अनुसार ही शुल्क लिया जाए, ऑटो चालकों का आर्थिक शोषण बंद किया जाए। संघ ने प्रशासन से शीघ्र अति-शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई कर राहत प्रदान करने की मांग की है। यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ द्वारा इंदौर महानगर में हड़ताल और उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। अभी कुछ दिन पूर्व रूट को लेकर ई-रिक्शा चालकों ने भी यूनियन के मुद्दे पर हड़ताल की थी।

## 1530 करोड़ का कर्ज लेगा निगम

### आज महापौर परिषद की बैठक में दी जाएगी प्रस्ताव को मंजूरी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा 1530 करोड रुपए का कर्जा लिया जाएगा। इस कर्ज लेने के प्रस्ताव को आज महापौर परिषद की बैठक में मंजूरी दी जाएगी।**

केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत इंदौर में नर्मदा पेयजल योजना के चौथे चरण का कार्य किया जाना है। इसके साथ ही ड्रेनेज लाइन डालने का कार्य भी किया जाना है। यह दोनों कार्य अमृत योजना के अंतर्गत मंजूर हो गए हैं। इस योजना में इन दोनों कामों के लिए जो राशि मंजूर की गई है उसकी तुलना में काम करने में ज्यादा राशि लगना है। मंजूरशुदा राशि और काम पर खर्च होने वाली राशि में 1530 करोड रुपए का अंतर है। ऐसे में इन कामों को क्रियान्वित करने के लिए यह जरूरी है कि यह राशि नगर निगम के द्वारा अपनी जेब से खर्च की जाए। निगम के पास तो इतनी राशि की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसी स्थिति में निगम के द्वारा 1530 करोड रुपए का कर्जा लिया जाएगा। इस कर्ज को लेने के लिए निगम के द्वारा पहले से ही प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष इंदौर नगर निगम को इस कार्य के लिए न्यूनतम ब्याज पर कर्ज देने के लिए तैयार है। निगम के द्वारा इस अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान से ही कर्ज लेने का फैसला लिया गया है। आज इस फैसले के क्रियान्वयन के लिए औपचारिक तौर पर महापौर परिषद की बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी के लिए रखा गया है।

# रात 1 बजे तक उड़ी पतंग, आतिशबाजी भी हुई

## वेंकटेश नगर में हुआ अनोखा आयोजन, 300 हेलोजन से जगमगाई छतें






**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** शहर में पहली बार संक्रांति की रात अनोखा आयोजन हुआ। एरोड्रम रोड स्थित वेंकटेश नगर में रात 1 बजे तक पतंगबाजी और आतिशबाजी होती रही। 4 युवाओं ने मिलकर इस आयोजन को करवाया। पूरी कॉलोनी के रहवासियों ने इसमें भाग लिया।

रात 1 बजे तक पतंगबाजी होना थोड़ा सुनने में अजीब जरूर लग सकता है, लेकिन 4 युवाओं ने मिलकर इसे कर दिखाया। बीते कुछ वर्षों से शहर में पतंगबाजी के बाद आतिशबाजी की परंपरा बन गई। बुधवार करीब 6.30 बजे तक शहर के मल्हारगंज, बड़ा गणपति, कालानी नगर, 60 फीट रोड सहित कई इलाकों में पतंगबाजी हुई। वही 60 फीट रोड के वेंकटेश नगर में रात 1 बजे बजे तक पतंगबाजी और आतिशबाजी होती रही। क्षेत्र के तरुण गर्ग, मयूर सोनी, चिंटू जैन और आनंद गर्ग ने कॉलोनी के करीब 80 घरों में 300 हैलोजन (मेटल) बांट दिए। उन्होंने सभी रहवासियों से आग्रह किया कि सूरज ढलते ही सभी यह हैलोजन चालू करें। पूरे क्षेत्र में जब 300 हैलोजन छतों पर जले, तो रात में आसमान में उजाला नजर आने लगा। इसके बाद पतंगबाजी में आसानी हुई और रात करीब 1 बजे तक पतंग उड़ती रही।

### पहली बार हुआ नाइट काईट उत्सव

तरुण गर्ग ने बताया कि हमने हैदराबाद और गुजरात की कुछ रील देखी थी, जिसमें छतों पर लाइट लगाकर पतंगबाजी हो रही थी। जिसके बाद हमने इस आयोजन को करने का विचार किया। 6 घरों में आतिशबाजी के लिए पटाखे भी पहुंचाए गए। फायर बैलून भी उड़ाए गए।



## बिजली कंपनी के 100 अभियंताओं की मीटिंग

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** बिजली कंपनी क्षेत्र के 100 अभियंताओं की मीटिंग एमडी अनूपकुमार सिंह ने कल ली। उन्होने निर्देशित किया कि 15 जिलों के अधिकारी समय पर कार्य करते हुए त्रुटिरहित बिल जारी करवाएं, राजस्व का संग्रहण भी समय पर हो, शिकायत का निराकरण तत्काल किया जाए, स्मार्ट मीटर, बिजली आपूर्ति, विजिलेंस, मीटरीकरण, वाणिज्य, वित्त संकाय, आरडीएसएस, एसएसटीडी, समाधान योजना, सूचना प्रौद्योगिकी, भंडार, मानव संसाधन इत्यादि विषयों की समीक्षा कर प्रत्येक जिले के अभियंताओं से स्थिति में गुणात्मक सुधार के बारे में उत्तर जाना। उन्होंने भंडार से जाने वाली सामग्री एवं पुरानी निकली हुई सामग्री के रिकार्ड को ऊर्जस पर समय पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए, ताकि मटेरियल मैनेजमेंट में दिक्कत या लंबितता की स्थिति नहीं आए। ग़र्मी का सीजन आने वाला है, इसके लिए इंदौर, उज्जैन, देवास, रतलाम जैसे बड़े शहरों की गर्मी की बिजली व्यवस्था एवं क्षमता वृद्धि मैंटेनेंस जैसे कार्य अगले दो माह में पूरे करा लिए जाए। उन्होंने पीथमपुर औद्योगिकी क्षेत्र की बिजली वितरण क्षमता वृद्धि के हर कार्य अप्रैल से पूर्ण कराने को कहा।

# सुपर कारिडोर पर लगे बेरिकेट्स से परेशानी

## कल भी हुई रिक्शा और टू-व्हीलर में टक्कर के बाद विवाद की स्थिति

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**




गांधीनगर के समीप सुपर कॉरिडोर मुख्य चौराहे पर ही बेरिकेट्स ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगा दिए गए हैं जिसकी वजह से गांधीनगर और हातोद की ओर से आने वाले वाहन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं 15 सितंबर 25 को एयरपोर्ट रोड पर बड़ा हादसा हो गया था उसी के मद्देनजर बड़े वाहनों का प्रवेश न हो इसके लिए पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेट्स मुख्य चौराहे पर ही लगा दिए हैं। गांधीनगर तरफ से जैसे ही ट्रैफिक छूटता है रास्ता संकरा होने के कारण वाहन आपस में टकरा रहे हैं। गुरुवार 15 जनवरी को दोपहर 3:00 बजे दो पहिया वाहन को बैटरी वाले रिक्शा ने पीछे से टक्कर मार दी जिसके चलते दो पहिया वाहन चालक जमीन पर गिर गया। इसके बाद रिक्शा चालक और दो पहिया वाहन चालक की तो तू-तू मैं-मैं हुई। ट्रैफिक पुलिस को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।




## थल सेना का स्थापना दिवस मनाया

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** अम्बेडकर नगर महू में अमर शहीद जवान स्मारक पर सामाजिक संस्था प्रज्ञा सागर संघ द्वारा शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्थापना दिवस मनाया गया। हरिराम चौहान, रणछोड सोनगरा, संजय जयंत, मुन्नालाल यादव, रवि वेद, राजेश पवार, संतोष यादव, रोहित डोलिया, राजेश दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

## अहिरवार जाटव समाज करेगा सामूहिक विवाह समारोह

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

अहिरवार जाटव समाज इंदौर महानगर समिति द्वारा अक्षय तृतीय 19 अप्रैल को नगराज धाम मंदिर परिसर मोरोद में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। सभी जोडों को सामग्री भी दी जाएगी, समाज की सभी 22 पंचायत आयोजन में शिरकत करेंगी। आयोजन से पृथ्वीराज पिपले, सुरेंद्र बड़ोनिया, कमल बिलोनिया, राजेंद्र गोंदले, विजय बिलोनिया, विनोद खरे, मुकेश घेप्ते, नरेंद्र मौर्य, ललित नरवरे, मुकेश बड़ोनिया, राजू जरिया सहित अन्य जुडे हुए है।

# कोल्ड स्टोरेज की आधुनिक तकनीक पर मंथन करने आएंगे दिग्गज

## एसोसिएशन का 18 से स्वर्ण जयंती महोत्सव

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कोल्ड चेन इंडस्ट्री एसोसिएशन मध्यप्रदेश द्वारा स्वर्ण जयंती महोत्सव दो दिवसीय आयोजन 18 और 19 जनवरी को ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। दो दिवसीय इस वृहत आयोजन में मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से कोल्ड स्टोरेज उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि, तकनीकी विशेषज्ञ, किसान संगठनों के प्रतिनिधि और राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल होंगे। आयोजन का प्रमुख उद्देश्य पोस्ट-हार्वेस्ट लॉस को कम करना, आधुनिक कोल्ड स्टोरेज तकनीक का विस्तार, बढ़ती बिजली लागत की समस्या का समाधान तथा किसानों को सीधे कोल्ड चेन नेटवर्क से जोड़ना है। इससे किसान अपनी उपज को सुरक्षित रख सकेंगे और बाजार की मजबूरी में औने-पौने दामों पर फसल बेचने से बचेंगे, जिससे उनकी आय में स्थायित्व आएगा। 18 जनवरी को दोपहर 3 बजे से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इस दौरान कोल्ड स्टोरेज में कार्यरत कर्मचारियों की बालिकाओं को नर्सरी से लेकर किसी भी कक्षा तक की पढ़ाई हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। सायं सत्र मे एसोसिएशन की वार्षिक साधारण सभा आयोजित होगी, जिसमें प्रदेशभर के सदस्य भाग लेंगे। इसके पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 19 जनवरी को कोल्ड स्टोरेज से जुड़ी नवीनतम मशीनरी व टेक्नोलॉजी की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा। आयोजन से हंसमुख जैन, बाबूलाल चौधरी, अजीत वाधवानी, जगदीश पटेल जुडे हुए है। अलग-अलग लोगों को जवाबदारी भी दी गई है, कई राजनेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। एसोसिएशन द्वारा तैयार डायरेक्टरी का विमोचन किया जाएगा। चकोर गांधी का सम्बोधन होगा। चयनित कोल्ड स्टोरेज का सम्मान भी किया जाएगा।

## ब्रह्मा बाबा का स्मृति दिवस मनेगा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** प्रजापति ब्रह्माकुमारी संस्थान ज्ञानदीप भवन सांई गंगोत्री विहार पंचकुईया रोड पर ब्रह्मा बाबा का स्मृति दिवस 18 जनवरी को मनाया जाएगा। यह आयोजन सभी सेवा केन्द्रों पर विश्व शांति दिवस के रूप में होगा। सीमा बहन ने बताया कि दो दिन बाद सुबह 8.30 से 11 बजे तक पुष्पांजलि अर्पण और भोग का आयोजन होगा।



## मां हरसिद्धि के भक्त वैष्णोदेवी यात्रा के लिए रवाना

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मां हरसिद्धि भक्त मंडल से जुडे श्रद्धालु 25 वर्षों से मां वैष्णोदेवी की धार्मिक यात्रा कर रहे है। इस वर्ष भी मां हरसिद्धि के भक्त माता वैष्णोदेवी दरबार के लिए मालवा एक्सप्रेस से निकले। रेलवे स्टेशन पर सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया, माता के जयकारे भी लगे। शरद भट्ट, द्वारका परदेशी, सोनू रैकवार, दीपाश जोशी, हेमंत सिसौदिया, मोहित बड़, जीवनलाल रैकवार,रोहित पंवार, निखिल खानविलकर उपस्थित थे।





# 50 कर्मवीर बागवानों का सम्मान

## गुलाब मेले की तैयारियों पर भी हुआ विचार मंथन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मालवा रोज सोसायटी द्वारा बागवानों के लिए आयोजित प्रशिक्षण एवं सम्मान कार्यक्रम में शहर के चुनिन्दा मालियों का सम्मान कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर सोसाइटी की मेजबानी में 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को गाँधी हॉल में आयोजित होने वाले गुलाब मेले एवं मौसमी पुष्प प्रदर्शनी की तैयारियों का विवरण भी दिया गया। डॉ. डीके तनेजा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. डीके मिश्रा एवं सोसाइटी के सचिव डॉ. अरुण सराफ ने इस अवसर पर तकनीकी सत्र में पौधों की देखभाल, सिंचाई, मिट्टी और गमलों से लेकर कीट प्रबन्धन जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारियां दी। नेहरू प्रतिमा के सामने स्थित एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेज इंस्टिट्यूट पर आयोजित इस कार्यशाला में शहर के उद्यानों में कार्यरत 50 बागवानों को कर्मवीर सम्मान एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।



## सर्व ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री कान्यकुब्ज विद्या प्रचारिणी सभा,द्वारा बसंत पंचमी पर सर्व ब्राह्मण सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन 23 जनवरी को होगा। पूर्व विधायक और सभा के अध्यक्ष संजय शुक्ला ने बताया कि 30 वर्षों से लगातार बसंत पंचमी पर सामूहिक विवाह का आयोजन संस्था द्वारा किया जा रहा है। प्रविष्टियां भी बडी संख्या में आ रही है। नवदम्पत्तियों को सामग्री भी दी जाएगी। विवाह की सभी व्यवस्थाएं की जा रही है, वर-वधुओं के ठहरने से लेकर भोजन, पण्डित, सामग्री, ब्यूटी पार्लर सहित अन्य तैयारियों के लिए जिम्मेदारी भी तय कर ली गई है। राजेश्वरी तिवारी, रामचंद्र दुबे, प्रकाश मिश्रा, कुसुम तिवारी भी अपनी भूमिका इस सामूहिक विवाह समारोह में निभा रहे है।

# किंडर बड्स स्कूल में विद्यार्थियों ने मनाया पर्व संक्रांति पर्व







**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्कारों की पाठशाला किंडर बड्स के निदेशक डॉ धीरज हासीजा, प्राचार्य डॉ दीपिका हासीजा, प्रबन्धक लक्ष्य हासीजा एवं शिक्षकों और विद्यार्थियों की मौजूदगी में मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। रेड-डे भी मनाया तो विद्यार्थी लाल कपडे में आए और उनमें से कुछ ने लाल फूल, फल, सब्जी के रूप में प्रस्तुति दी। तिल-गुड के व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया, पतंगे भी उडाई, स्कूल को विशेष रूप से लाल रंग के फूल और पतंग से श्रृंगारित किया गया था।

# खजराना बाबा के सामने 50 कलाकारों ने किया पोस्टर का विमोचन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्य प्रदेश आर्ट फेस्टिवल के ऑफिशियल पोस्टर का विमोचन खजराना श्री गणेश मंदिर में पूजन-अर्चन के साथ 50 से अधिक युवा कलाकारों की मौजूदगी में किया गया। मध्य प्रदेश आर्ट फेस्टिवल का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक गांधी हाल में होगा। देशभर से बडी संख्या में रचनाकारों, शिल्पकारों, डिजाइनर्स, वास्तुविदों की मौजूदगी रहेगी। इस दौरान कला प्रदर्शनी, लोक एवं समकालीन संगीत प्रस्तुतियाँ, फैशन शो, काव्य पाठ, लाइव बैंड परफॉर्मेंस, आर्ट मार्केट, हस्तशिल्प प्रदर्शनी तथा पारंपरिक एवं आधुनिक व्यंजनों के फूड स्टॉल्स प्रमुख आकर्षण रहेंगे। महोत्सव में भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिताएँ (कथक, भरतनाट्यम एवं ओडिसी), लोकगीत प्रस्तुतियाँ, कला कार्यशालाएँ, पॉटरी, रंगोली, मेहंदी एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी। चयनित प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों को 11,000/- का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।





# वेलफेयर सोसायटी ने किया सेवाकार्य

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अयोध्या श्रीराम वेलफेयर सोसायटी ने सेवाकार्य के अन्तर्गत बच्चों के साथ आयोजन किया उन्हें तिल्ली के लड्डू वितरित कर पतंगे भी दी। प्रमुख रूप से महेन्द्र चौहान, सुरेंद्रसिंह राजपूत, शेखर चौधरी, राजेन्द्र रायकवार, वंशिका खरे, सोनम सिकरवार मौजूद थे।



## दक्षिण भारत की यात्रा से लौटे अग्रवाल बंधु

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दक्षिण भारत की तीर्थ यात्रा से चार्टेड ट्रेन से इन्दौर वापस लौटे 1100 अग्रवाल बंधुओं का स्वागत किया गया। किशोर गोयल, संजय बांकडा ने यात्रा की सफलता पर सबको साधुवाद दिया। किशोर गोयल ने कहा कि वे वरिष्ठों से चर्चा कर अगली यात्रा की घोषणा भी करेंगे। मनोज अन्नपूर्णा, भावेश अग्रवाल, राजेश मित्तल बारदान, नितिन अग्रवाल, मनीष जिंदल, अरविंद वेल्युअर, रत्नेश गोयल, सचिन दरबार रितेश अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, अजय मंगल मौजूद थे।

# स्वर्णकार समाजज रहेंगे महोत्सव में मौजूद



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मेढ़ क्षत्रिय मेवाड़ा स्वर्णकार समाज का अन्नकूट महोत्सव 18 जनवरी रविवार सुबह 11 बजे से शुभकारज गार्डन में आयोजित होगा। आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है। बडी संख्या में समाजजन मौजूद रहेंगे।

## ग्रुप का वार्षिक सम्मेलन होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विंध्याचल सोशल ग्रुप के डॉ. आरएन मिश्रा ने बताया कि संस्था का वार्षिक उत्सव 25 जनवरी रविवार की सुबह 11 बजे से बिचौली मर्दाना स्थित होटल के गार्डन में मनाया जाएगा। इस आयोजन में विंध्य क्षेत्र के सभी धर्म के समाजजन भी शामिल होंगे। सम्मान का आयोजन भी किया जाएगा। राजनेताओं को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

# सुहागिन महिलाओं के लिए हल्दी-कुमकुम का आयोजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सार्वजनिक प्राचीन पंचदेव मंदिर एमआइजी कॉलोनी परिसर में मकर संक्रांति से रथ सप्तमी तक सुहागन मातृशक्ति के द्वारा हल्दी-कुमकुम का आयोजन पुजारी रमा दीदी के मार्गदर्शन में किया गया।



## थैलेसीमिया बच्चों के साथ पर्व की खुशी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** थैलेसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के साथ पर्व मनाया। इन बच्चों को खिचड़ी, तिल गुड़ के लड्डू भी वितरित किए। डॉ. रजनी भंडारी, पुष्पा अग्रवाल, पूर्णिमा राऊत, चंदा शर्मा सहित अन्य मातृशक्तियां मौजूद थी।

# गौ दान और गौ अन्नकूट के अलावा स्वास्थ्य शिविर



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इन्दौर जिला माहेश्वरी डीडवाना 140 घर द्वारा कल बड़ी संख्या में दम्पति सदस्यों और माहेश्वरी समाजजनों, संत की मौजूदगी में आयोजन किए गए। पूर्व सभापति श्याम सोनी, समाज अध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री पप्पू, स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज, रामअवतार जाजू की विशेष मौजूदगी थी। वहीं समाज के स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में कम शुल्क पर जांच भी हुई। संचालन पवन भलिका ने किया। आयोजन से प्रहलाद सेठ, पंकज गांधी, सम्पत धूत, मनोज पटवा, संतोष मानधन्या, संजय मानधन्या जुड़े रहे।

## नीना अग्रवाल का निधन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अग्रवाल समाज के वरिष्ठ विनोद अग्रवाल की धर्मपत्नी नीना अग्रवाल का कल निधन हो गया उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 1 बजे चमेली पार्क गोयल नगर से निकलकर रिजनल पार्क जाएगी। बड़ी संख्या में अग्रवाल समाजजन एवं अन्य और राजनेता भी मौजूद रहेंगे।

# भोजशाला को लेकर संघ ने संभाला मैदान

**जिलेभर मे पदाधिकारी हुए सक्रिय, बैठकों के जरिए बना रहे रणनीति**




**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** धार मे स्थित भोजशाला मे बसंत पंचमी शुक्रवार को सम्पूर्ण दिन अखण्ड पूजा को लेकर भोज उत्सव समिति और हिंदू संगठनों एवं सर्व हिन्दू समाज के साथ-साथ अब संघ ने मैदान पकड़ लिया है। संघ के मैदान पकड़ते ही अखण्ड पूजा को लेकर जिलेभर मे बैठकों का दौर भी शुरू हो चुका और भोजशाला को लेकर माहौल बनने लगा है, हालांकि संघ ने सीधे कभी भी इस आंदोलन को नहीं चलाया लेकिन पर्दे के पीछे रहकर संघ ने हमेशा भोजशाला की कमान अपने हाथो मे रखी है, जिसका उदाहरण सन 2016 संघ के विभाग प्रचारक विक्रम सिंह ने बसंत पंचमी और शुक्रवार साथ-साथ आ जाने से खुलकर शासन और प्रशासन के खिलाफ बिगुल फूँक दिया था। उस समय संघ के तत्कालीन धार विभाग प्रचारक विक्रम सिंह ने 24 जनवरी 2016 को 'भोज उत्सव समिति' और 'हिंदू जागरण मंच' द्वारा आयोजित एक बड़ी सभा को संबोधित किया था। उन्होंने वहां उपस्थित हिंदू समाज से बसंत पंचमी के दिन पूर्ण रूप से पूजा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया था, जिसके बाद जिलेभर मे भोजशाला के प्रति एक अलग ही माहौल बन गया था। इस बार भी महाराजा भोज स्मृति बसंतोत्सव समिति, भोज उत्सव समिति और हिंदू संगठनों ने घोषणा की है कि 23 जनवरी को सूर्योदय से सूर्यास्त तक अखंड हवन-पूजन किया जाएगा और किसी भी स्थिति में परिसर खाली नहीं किया जाएगा। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में धार जिले के विभिन्न बस्तियों में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें भोजशाला के लिए जारी संघर्ष और बसंत उत्सव की तैयारियों पर रणनीति बनाई जा रही है, साथ इन हिंदू सम्मेलनों में भोजशाला का विषय भी रखा जा रहा है। भोजशाला में आगामी 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी और जुमे की नमाज एक ही दिन होने के कारण संघ और हिंदू संगठनों ने 'गांव-गांव' और 'खंड स्तर' पर सक्रियता बढ़ा दी है, भोज उत्सव समिति के पदाधिकारी और संघ के पदाधिकारी जिले के हर गांव में बैठकें कर रहे हैं। रणनीति के तहत लोगों को पीले चावल और निमंत्रण देकर बड़ी संख्या में भोजशाला पहुंचने का आह्वान किया जा रहा है। संघ और हिंदू समाज के संतों ने स्पष्ट किया है कि 23 जनवरी को सूर्योदय से सूर्यास्त तक अखंड हवन-पूजन होगा। संगठनों ने एएसआई को ज्ञापन सौंपकर पूरे दिन पूजा करने की अनुमति मांगी है और नमाज के लिए परिसर खाली करने से इनकार कर दिया है। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में धार की विभिन्न बस्तियों में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें भोजशाला के लिए जारी संघर्ष और बसंत उत्सव की तैयारियों पर रणनीति बनाई जा रही है। जनजागरण अभियान से संघ परिवार से जुड़े संगठन 'खंड स्तर' पर बैठकें कर रहे हैं. 'पीले चावल' बांटकर हिंदू समाज को 23 जनवरी को भोजशाला पहुंचने का निमंत्रण दिया जा रहा है। धार में एक विशेष संवाद केंद्र भी खोला गया है ताकि लोगों तक संगठन की बात पहुंचाई जा सके। कुल मिलाकर, संघ का प्लान इस बार 'सत्याग्रह' के माध्यम से भोजशाला पर हिंदुओं के पूर्ण अधिकार के दावे को और मजबूती से स्थापित करना है, वहीं संघ के खुलकर भोजशाला के लिए सक्रियता से सर्व हिन्दू समाज मे भी अखण्ड पूजा की मांग को बल मिलता दिखाई दे रहा है, वही सूत्रों की माने तो संघ के सक्रिय होने से हिन्दू समाज अब बसंत पंचमी शुक्रवार को सम्पूर्ण दिन अखण्ड पूजा को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त नजर आ रहा है...

## मनाया जा रहा है भाजपा जिला अध्यक्ष महंत भारती का जन्मदिन, होंगे अनेकों सेवा कार्य



**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भाजपा जिला अध्यक्ष नीलेश भारती का आज अवतरण दिवस और जिला अध्यक्ष पद पर एक वर्ष पूर्ण होने पर आज कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें सेवाकार्य भी है। नीलेश के नेतृत्व में एक वर्ष में सरकार की जनहितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में संगठन के माध्यम से कार्य किया गया। संगठन की बूथ स्तर की बैठकें आयोजित कर कार्य भी सुचारू किए। इन्हीं के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धार जिले में आए, वहीं केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी धार जिले में आए। वहीं मुख्यमंत्री ने भी कई विकास कार्यों की सौगात लोकार्पण और भूमिपूजन के माध्यम से धार जिले में दी। राष्ट्रीय कार्यक्रम मन की बात रेडियो कार्यक्रम प्रदेश में धार जिला तीन से चार बार अव्वल रहा। आज सुबह रुद्राभिषेक का आयोजन सोमनाथ मठ सागोर, रक्तदान शिविर सागोर और गौ पूजन लक्ष्मी गौशाला जेतपुरा धार, वृद्धा आश्रम में कम्बल वितरण का कार्यक्रम किया जा रहा है। वहीं आज दोपहर दीनदयाल रसोई केन्द्र और वृद्धा आश्रम में भोजन का आयोजन हो रहा है। आज दोपहर में जिला भाजपा कार्यकर्ता स्वागत समारोह का आयोजन कर रहे हैं। पीथमपुर में भी शाम 5 बजे कार्यक्रम होंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिला प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# भागीरथपुरा क्षेत्र में मिले डायरिया के 6 मरीज

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में कल 'अभियान स्वास्थ्यवर्धन' जारी रहा। 48 दलों ने 715 घरों का सर्वे कर 2087 नागरिकों की विभिन्न जॉचें की, इसमें रक्तचाप के 133 तथा मधुमेह के 64 मरीजों का चिन्हांकन किया गया। जिन्हें हेल्थकार्ड देकर आगे की जाँच के लिए रेफर किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि 30 दिसम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए, जिसमें विभिन्न परामर्श, उपचार, औषधि एवं जॉच संबंधित सेवाएं प्रदान की गई। 14 जनवरी 2026 तक 34631 घरों का सर्वे किया गया, जिसमें 162558 स्क्रीनिंग की गई। 15 जनवरी 2026 तक कुल 441 विभिन्न चिकित्सालयों में भर्ती हुए, जिसमें से 424 स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं, 11 वार्ड में उपचाररत हैं तथा 06 आई.सी.यू. में भर्ती है। भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में स्थिति तेजी से सामान्य होती जा रही है। कल ओपीडी के 116 मरीजों में से मात्र 6 मरीज डायरिया के आए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया, किसी भी मरीज को रेफर नहीं किया गया।

## श्रमोदय आवासीय विद्यालयों में प्रवेश तिथि 28 जनवरी तक

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एवं स्कूल शिक्षा विभाग के मध्य श.६.ळ के माध्यम से संचालित पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए पूर्णतया निःशुल्क श्रमोदय आवासीय विद्यालयों में छात्रों की संख्या को प्रोत्साहित करने प्रवेश परीक्षा की अंतिम तारीख 20 जनवरी से बढ़ाकर 28 जनवरी कर दी गई है।

# आयुक्त ने किया सड़कों का निरीक्षण

### शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा बीआरटीएस रोड एवं मास्टर प्लान अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी अभय राजनगांवकर, नरेश जायसवाल, पराग अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के प्रथम चरण में आयुक्त श्री सिंघल द्वारा राजीव गांधी चौराहा से भंवर कुआं चौराहा, नौलखा चौराहा, जीपीओ चौराहा, शिवाजी वाटिका, गीता भवन, पलासिया, एल.आई.जी., विजयनगर स्थित सत्य साईं चौराहा होते हुए निरंजनपुर तक संपूर्ण बीआरटीएस रोड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बीआरटीएस हटाने से संबंधित चल रही कार्यवाई की प्रगति की



जानकारी ली गई तथा शेष बचे कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बीआरटीएस हटाने के पश्चात यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाने हेतु आवश्यक सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं। इसके पश्चात आयुक्त सिंघल द्वारा शहर की मास्टर प्लान अंतर्गत निर्माणाधीन प्रमुख सड़कों का निरीक्षण किया गया। इनमें जिम एडवांस एकेडमी निपानिया क्षेत्र, स्टार चौराहा से जमजम चौराहा तक, खजराना से रिंग रोड तक तथा जंजीर वाला से अटल द्वार तक की सड़कों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण की लागत, चौड़ाई, लंबाई, गुणवत्ता, कार्य की प्रगति एवं मार्ग में मौजूद बाधक निर्माणों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई।

## शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया में प्रशिक्षण

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए निरंतर प्रशिक्षण की आवश्यकता को देखते हुए शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में 13 दिवसीय प्रशिक्षण,संकाय संवर्धन कार्यक्रम शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय किला भवन इंदौर में प्रारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 27 जनवरी तक चलेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों के शैक्षणिक, तकनीकी, शोधात्मक एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े कौशलों को सशक्त बनाना है। प्राचार्य डॉ. बीडी श्रीवास्तव, डॉ. दुर्गेश शांडिल्य, डॉ. मनीषा जोशी, डॉ. निशा जैन, डॉ. नीलेश त्रिवेदी, डॉ.वीपी बैरागी मौजूद थे। डॉ. नीलेश त्रिवेदी ने व्याख्यान दिया। आभार डॉ. निधि गुप्ता ने माना। उक्त जानकारी नेहा गुप्ता ने दी।

# पनीर और पामोलीन तेल जब्त

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मूसाखेड़ी चौराहा स्थित मां कृपा डेयरी से पनीर,मिक्स मिल्क,मिल्क केक, घी एवं फ्रायोलीन पामोलिन तेल का नमूना जांच हेतु लेकर शेष लगभग 1 लाख 10 हजार रूपये कीमत की 300 किलो पनीर एवं लगभग 2 लाख रूपये कीमत की 64 टीन पामोलिन तेल कुल मात्रा लगभग 1000 किलो जब्त किया गया तथा पंजीयन वैध नहीं होने के कारण निर्माण एवं विक्रय कार्य आगामी आदेश तक के लिए बंद करवाया गया। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लिए गए सभी नमूनों को विस्तृत जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर भेजा जा रहा है, जिनकी विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## संपादकीय

# साइबर ठगों का बढ़ता जाल क्यों भारत में थम नहीं पा रही ऑनलाइन धोखाधड़ी?

देश में इस असुरक्षा के लगातार बढ़ते जाने की एक बड़ी वजह यह है कि ठगों ने देश से लेकर विदेश तक अपना जाल बिछा लिया है। इस लिहाज से यह न सिर्फ तकनीकी समस्या है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मसला भी है। भारत में साइबर धोखाधड़ी नहीं थम पा रही, तो आखिर इसकी वजह क्या है? वर्तमान समय में इस अपराध के इतने स्वरूप हैं कि पीड़ित व्यक्ति ठगों की साजिश को एकबारगी समझ नहीं पाता और वह जीवन भर की कमाई लुटा बैठता है। यही वजह है कि साइबर अपराधी हर वर्ष लोगों को करोड़ों की चपत लगा रहे हैं। विश्व आर्थिक मंच ने दावोस बैठक से पहले अपनी 'वार्षिक जोखिम रपट' में भारत में बढ़ती इसी साइबर असुरक्षा को लेकर आगाह किया है। मंच ने गलत सूचनाओं और भ्रामक जानकारियों के प्रसार पर भी चिंता जताई है। वहीं भारत के मामले में एक अध्ययन ने शीर्ष पांच जोखिमों की पहचान की है, जिनमें साइबर असुरक्षा को विशेष रूप से शामिल किया है। दरअसल, देश में इस असुरक्षा के लगातार बढ़ते जाने की एक बड़ी वजह यह है कि ठगों ने देश से लेकर विदेश तक अपना जाल बिछा लिया है। इस लिहाज से यह न सिर्फ तकनीकी समस्या है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मसला भी है। चिंता की बात यह है कि हम साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए निगरानी तंत्र आज तक मजबूत नहीं कर पाए हैं। नागरिकों में भी डिजिटल साक्षरता का अभाव दिखता है। एक गंभीर समस्या डिजिटल रूप से बदले गए वीडियो और चित्रों की भी है जो आज नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। इसको लेकर भी विश्व आर्थिक मंच ने चिंता जताई है। ऐसे कई विवादित वीडियो सामने आ चुके हैं। अगर साइबर अपराधियों का हौसला बढ़ा है, तो यह व्यवस्था की खामी है। हैरत की बात है कि अपराधियों के संजाल तक पहुंचने की तमाम कोशिशों के बावजूद देश में साइबर असुरक्षा लगातार बढ़ती चली गई है। आखिर क्या कारण है कि हम धोखेबाजों के असल ठिकानों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं? भारत में इस असुरक्षा का जोखिम इसलिए भी गहरा है, क्योंकि लोगों के पास सजगता और व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने जैसे सीमित विकल्प ही हैं। दोराय नहीं कि अब सरकार को सख्ती बरतनी होगी। साइबर अपराध के संजाल को तोड़ने का वक्त आ गया है।

# होटल में बिस्तर खराब होने पर हरियाणा के युवक की बेरहमी से पिटाई

## मालिक और कर्मचारियों ने मिलकर पीटा, केस दर्ज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विजय नगर थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में ठहरना हरियाणा के एक युवक को महंगा पड़ गया। शराब के नशे में तबीयत बिगड़ने और बिस्तर खराब होने की मामूली बात पर होटल मालिक और उसके कर्मचारियों ने युवक के साथ जमकर मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने होटल संचालक और उसके साथियों के खिलाफ अभद्रता, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

विजय नगर पुलिस के मुताबिक, घटना शीतल नगर स्थित होटल ब्रुकलिन की है। मूल रूप से करनाल (हरियाणा) के रहने वाले फरियादी रोहित पिता अजमेर सिंह नरवाड़ ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह होटल में अपने साथी पुरुषोत्तम चौधरी के साथ रुका हुआ था। बीती रात फरियादी ने शराब पी रखी थी और सोते समय अचानक उसे उल्टी हो गई, जिससे कमरे का बिस्तर खराब हो गया। फरियादी का रूम पार्टनर पुरुषोत्तम जब दूसरे बिस्तर की मांग करने के लिए नीचे होटल के सफाईकर्मी सोनू के पास गया, तो विवाद की स्थिति बन गई। फरियादी का आरोप है कि कुछ देर बाद सफाईकर्मी सोनू, होटल का संचालक अंकुश तिवारी और देवी सिंह कमरे में दाखिल हुए। उन्होंने बिस्तर खराब होने की बात को लेकर फरियादी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और पूछा कि इसकी सफाई कौन करेगा। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि तीनों ने फरियादी के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच उनके कुछ अन्य साथी भी वहां आ गए और सभी ने मिलकर फरियादी को लात-घूंसों से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शराब नहीं दी तो सिर लोहे के गेट में दे मारा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। तुकोगंज थाना क्षेत्र में शराब के लिए उपजे विवाद में एक व्यक्ति पर बेरहमी से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी ने शराब देने से मना करने पर न केवल गालियां दीं, बाल्कि फरियादी का सिर लोहे के गेट में दे मारा और उसकी आंख पर मुक्कों से प्रहार किया।पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

तुकोगंज पुलिस के मुताबिक, घटना राधाकृष्ण मंदिर, लाला का बगीचा क्षेत्र की है। रुस्तम का बगीचा निवासी 48 वर्षीय दीपक कारोले ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुबह करीब 8:30 बजे जब वह इलाके में मौजूद था, तभी लाला गली निवासी हेमराज उर्फ पोंगा सिसोदिया उसके पास आया। आरोपी हेमराज ने दीपक से शराब की मांग की। जब दीपक ने उसे शराब देने से साफ इनकार कर दिया, तो हेमराज अपना आपा खो बैठा और सार्वजनिक स्थान पर गालियां देने लगा। गाली देने का विरोध करने पर आरोपी हिंसक हो गया। उसने दीपक के साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी और उसे घसीटते हुए पास ही लगे लोहे के एक गेट के पास ले गया, जहाँ उसने दीपक का सिर पूरी ताकत से गेट में पटक दिया। इतना ही नहीं, आरोपी ने दीपक की बाईं आंख पर भी जोरदार मुक्का मारा, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग निकला।

# सूने मकान का ताला टूटा,अलमारी से नकदी और जेवर ले उड़े चोर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। यहाँ एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात बदमाशों ने नकदी और सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय परिवार घर से बाहर था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने ताला तोड़ा और अलमारी में रखे कीमती सामान को समेट कर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अन्नपूर्णा पुलिस के मुताबिक, घटना देवेंद्र नगर की है। यहाँ रहने वाले 44 वर्षीय अभिषेक दुबे ने पुलिस को बताया कि कल शाम 7 बजे से रात के बीच उनके सूने मकान में चोरी की वारदात हुई। चोरों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और कमरे में रखी अलमारी को खंगाला। बदमाश अलमारी से दो सोने की अंगुठियां एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी बिछिया और दो कीमती कलाई घड़ियां ले उड़े। इतना ही नहीं, चोरों ने घर में रखी गुल्लक को भी नहीं छोड़ा और करीब 60 हजार रुपये नकद भी चोरी कर लिए। जब परिवार वापस लौटा, तो घर का सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके।

# स्कूल बैग में गांजा भरकर तस्करी करते धराया नाबालिग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत तिलक नगर थाना पुलिस ने एक चौंकाने वाली कार्रवाई की है। पुलिस ने एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़के को गिरफ्तार किया है, जो स्कूल बैग का इस्तेमाल मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कर रहा था। आरोपी के कब्जे से करीब पौने दो किलो से ज्यादा अवैध गांजा बरामद किया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस नाबालिग को नशा सप्लाई करने के काम में किसने धकेला है।

तिलक नगर पुलिस के मुताबिक, टीम को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध लड़का पीठ पर बैग टांगे पिपलियाहाना से बिचौली की तरफ पैदल जा रहा है। सूचना में यह भी बताया गया था कि वह अवैध रूप से गांजे की सप्लाई और बिक्री का काम करता है। खबर मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी की और बताए गए हुलिए के आधार पर 17 वर्षीय नाबालिग को रोक लिया। पहली नजर में वह किसी साधारण छात्र की तरह दिख रहा था, लेकिन जब उसके बैग की सघन तलाशी ली गई, तो पुलिस के होश उड़ गए। बैग के भीतर से 1.825 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 18,000 रुपये आंकी गई है। शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तारी से बचने और किसी को शक न हो, इसलिए वह स्कूल बैग का सहारा लेता था। तिलक नगर पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की है और यह जांच की जा रही है कि वह यह खेप कहां से लाया था और शहर में किसे देने जा रहा था।

# स्कूल में वार्षिक पुरस्कारों का वितरण



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महूगांव में कल वार्षिक पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया। वार्षिक प्रतिवेदन और शैक्षणिक उपलब्धियां, पाठ्यक्रम जानकारी भी साझा की गई। विभिन्न कक्षाओं की प्रतिभाशाली छात्राओं को शैक्षणिक, खेल, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। लगभग 11 छात्राओं को अलग-अलग विधाओं में सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के पुरस्कार प्रदान किए गए। शोभा सोनी, डॉ. अमित सोनी, राधा तोषनीवाल, दीपिका राजपूत, नाजिमा अंसारी, डॉ. शीतल दुबे मौजूद थे।

# ढाबा मालिक और कर्मचारियों ने तलवार व चाकुओं से किया हमला

इंदौर। किशनगंज थाना क्षेत्र स्थित एक ढाबे पर बीती रात मामूली विवाद ने एक भयानक हिंसक वारदात का रूप ले लिया। दोस्तों के साथ जन्मदिन का जश्न मनाने पहुंचे युवकों पर ढाबा संचालक और उसके कर्मचारियों ने लाठी-डंडे, चाकू और तलवारों से हमला कर दिया। इस हमले में एक युवक का चेहरा तलवार से बुरी तरह कट गया है, जिसे गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल रेफर किया गया है।

महू गांव के काका दुपरा निवासी राहुल पिता ओमप्रकाश (32) अपने चार अन्य दोस्तों के साथ जन्मदिन मनाने संगम ढाबे पर गया था। राहुल पेशे से टेंट संचालक है। ढाबे पर शराब पार्टी के दौरान किसी बात को लेकर राहुल और उसके दोस्तों की ढाबा संचालक से कहासुनी हो गई।

बहस इतनी बढ़ी कि ढाबा मालिक हर्ष कोतवाल, यश कोतवाल और उनके कर्मचारियों ने युवकों को चारों तरफ से घेर लिया और हथियारों से हमला बोल दिया। आरोप है कि हमले के दौरान राहुल के चेहरे पर तलवार से सीधा वार किया गया, जिससे उसका गाल और जबड़ा बुरी तरह फट गया। राहुल को लहूलुहान हालत में इंदौर के एमवाय अस्पताल लाया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना में राहुल का दोस्त अंशुल भी गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज महू अस्पताल में जारी है। वहीं, अन्य तीन दोस्तों को भी मारपीट में चोटें आई हैं। वारदात के समय ढाबे पर मौजूद अन्य लोग डर के मारे मौके से भाग निकले।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 142900 | 142500 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 266000 | 279100 |

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# नर्मदा सप्लाई बाधित होने पर बोरिंग के पानी पर निर्भर हो जाता है शहर

## शहरवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता बोले बोरिंग खनन पर रोक लगाने का निर्णय तार्किक नहीं

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भागीरथपुरा में हुई दूषित पानी से मौत की घटना के बाद शहर में नए बोरिंग खनन पर रोक लगाने की बात मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने रेसीडेंसी कोठी में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में कहीं जिस पर फिलहाल अभी तक कोई आदेश जिला प्रशासन की ओर से जारी नहीं किया गया है लेकिन शहर वासियों का मानना है की नई बोरिंग खनन पर रोक लगाना ठीक नहीं है क्योंकि शहर का विकास तेजी से हो रहा है और आवास निर्माण के लिए सबसे महत्वपूर्ण पानी है बाईपास और सॉंवेर रोड सहित शहर के ऐसे कई इलाके है जो निगम सीमा में होते हुए भी पानी की पहुंच से बाहर है और केवल बोरिंग के पानी पर निर्भर हैं। लोगों का कहना है यदि रोक लगाई जाती है, तो शहर में अवैध बोरिंग तेजी से होंगे। भागीरथपुरा जैसी घटनाओं को रोकने के लिए जरूर जागरूकता और समय पर कार्रवाई करने की है।

भवन निर्माण एवं रियल स्टेट कारोबार से जुड़े कारोबारी राजेश अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम सीमा हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र दोनों ही जगह रियल स्टेट के कारोबार में पानी की आवश्यकता होती है कई कंपनियां भवन निर्माण में ट्रीटेड वॉटर उपयोग करने के झूठे दावे करती हैं पूरा कारोबार नलकूप एवं बोरिंग खनन से मिलने वाले पानी पर निर्भर है जहां भी नए भवन का निर्माण हो रहा है वहां जमीन के पानी का उपयोग किया जा रहा है। गर्मियों में हर साल प्रशासन द्वारा नए नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जिला प्रशासन द्वारा जारी किए जाते हैं लेकिन उतने ही बड़ी संख्या में अवैध रूप से बोरिंग कर लिए जाते हैं। प्रशासन इस रोक पर सख्ती के साथ कार्रवाई नहीं कर पाता। भवन निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों के लिए यदि पानी का वैकल्पिक लोगों को दिया जाए तो यह कारगर सिद्ध हो सकता है। कई टाउनशिप में बोरिंग करवाने के बाद पानी की सप्लाई केवल बोरवेल पर ही निर्भर है। सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप वाघेला का कहना है कि जब भी नर्मदा जल सप्लाई बाधित होती है या शटडाउन दिया जाता है तो शहर पूरी तरह से बोरिंग के पानी पर निर्भर रहता है। नर्मदा की लाइन शहर में कब फूट जाएगी और जल सप्लाई नहीं होगा यह निश्चित नहीं होता। शहर में ग्राउंडवाटर को बढ़ाने के लिए वाटर रिचार्जिंग की जानी चाहिए इसके अलावा भूजल दूषित नहीं हो इसके प्रयास तेज होना चाहिए लोग पानी की जांच आसानी से करवा सके ऐसी व्यवस्था प्रशासन को शहर में देनी होगी जिससे लोगों में अवेयरनेस बढ़ेगी और भूजल स्तर गिरने एवं दूषित होने से बचाया जा सकेगा इसके अलावा शहर में नए बोारिंग नहीं हो इस पर सख्ती से रोक लगाने के साथ ही पानी की व्यवस्था उन क्षेत्रों में करनी होगी जहां पर पानी के स्त्रोत नहीं है। उद्योगों से निकलने वाले पानी को ट्रीट करना होगा ना कि जलाशय में छोड़ा जाए।

वेंकटेश नगर के रहवासी दिनेश कश्यप ने बताया कि नर्मदा का पानी जिस दिन सप्लाई नहीं होता है उस दिन बोरिंग के पानी का उपयोग करना पड़ता है ऐसी स्थिति में यदि बोरिंग नहीं हो तो पानी की कमी हो सकती है। नर्मदा का पानी टैंकरों से वितरण करने के नगर निगम द्वारा हर बार दावे शटडाउन के दौरान किए जाते हैं लेकिन टैंकर घरों तक नहीं आता इसके अलावा पूरे घर की जरूरत और पानी से पूरी नहीं हो सकती इसीलिए यदि नए बोरिंग खनन पर रोक लगाई जाती है तो यह निर्णय जनता पर थोप जाने वाला होगा।

## मास्टर प्लान की सड़कों के बाधक निर्माण तत्काल हटाओ

### आयुक्त ने दिए निगम अधिकारियों को निर्देश



**इंदौर।** निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा शहर में मास्टर प्लान की सड़कों के साथ-साथ विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। सिंघल द्वारा सर्वप्रथम भागीरथपुरा क्षेत्र का दौरा किया गया, जहां जल यंत्रालय एवं जलप्रदाय विभाग द्वारा डाली जा रही पेयजल लाइनों के कार्यों का अवलोकन किया गया। आयुक्त द्वारा कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

सिंघल द्वारा गुटकेश्वर मंदिर के समीप, जिंसी चौराहा से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक, कंडीलपुरा, नेमीनाथ चौराहा, इंदौर वायर चौराहा से बांगड़दा होते हुए संपूर्ण एमआर-5 रोड का निरीक्षण किया गया। साथ ही सुपर कॉरिडोर, एयरपोर्ट चौराहा, लवकुश चौराहा, बापट चौराहा, एमआर-10 रोड, भमोरी चौराहा से ए.बी. रोड तक मास्टर प्लान की सड़कों एवं अन्य प्रमुख मार्गों के निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। एवं अधिकारियों को बाधक निर्माण हटाने के लिए निर्देश दिए।

## मुस्लिम समाज मना रहा है शब-ए-मेराज पर्व

### आज शुक्रवार को सुबह से रखा गया है रोजा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रज्जब माह चल रहा है और आज उसकी 27 तारीख को शबे-ए-मेराज का पर्व मनाया जा रहा है। आज सुबह फजर की नमाज के बाद से ही रोजा शुरू हो चुका है, जो शाम तक जारी रहेगा, फिर रोजा इफ्तार भी होगा। आज शुक्रवार भी है, दोपहर की नमाज भी होगी, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजजन मौजूद रहेंगे। महिलाएं घर में नमाज अदा करेगी और पुरुष मस्जिदों में पहुंचेंगे। आज पांचों समय की नमाज इस पर्व पर अदा की जाएगी। पैगम्बर साहब को भी याद किया जा रहा है। आज खुदा की विशेष कृपा नमाज के दौरान मिलती है, ऐसा माना जाता है। कुछ लोग आज के बाद कल भी रोजा रखेंगे वहीं कुछ ही लोगों ने पूरे माह के रोजे भी रखे हैं।

# एक बार फिर ठंड ने कर दी इंदौर में वापसी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**मात्र कुछ दिनों के अंतराल में ही एक बार फिर ठंड ने इंदौर में वापसी कर दी है। तापमान नीचे की तरफ गिरने लगा है और तेज हवा चल रही है।**

### नीचे की तरफ गिरने लगा तापमान, चल रही है तेज हवा

इस बार ठंड के मौसम में ठंड का आना और जाना लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार कल रात में इंदौर का न्यूनतम तापमान 6.02 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य तापमान से 4 डिग्री सेल्सियस कम है। इसके साथ ही कल अधिकतम तापमान भी 26.8 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य है। कल शहर में 13 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही थी। इसकी तुलना में यदि परसों का तापमान देखा जाए तो परसों रात में न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस था। जब की परसों अधिकतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस था। परसों 19 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही थी। इस तरह से परसों और कल की यदि तुलना की जाए तो अधिकतम और न्यूनतम तापमान कम हो गया है। इसके साथ ही हवा की रफ्तार भी कम हो गई है। इसके साथ ही आज सुबह 8:30 बजे तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस था जबकि कल सुबह यह तापमान इसी समय पर 13.4 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग के विशेषज्ञों का मानना है कि आज भी तापमान ठंड की तरफ ही रहेगा। दिन में तापमान की गिरावट ज्यादा नहीं रहेगी लेकिन हवा के कारण ठंड का एहसास बना रह सकता है। रात के समय पर ठंड की चमक ज्यादा रहेगी।



## भंडारा आयोजन में पहुंचे भाजपाई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आदिवासी सांई सेवा संगठन ने कल भील कालोनी में भंडारा का आयोजन किया था, जिसमें संस्था के पदाधिकारियों के अलावा कार्यक्रम में विधायक महेन्द्र हार्डिया, पार्षद महेश बसवाल, राकेश गोयल, डॉ. निशांत खरे, जसराज शर्मा एवं गोपाल सिंगार, रमेश तोमर, राहुल मेड़ा,निक्की कटारे, डॉक्टर करण रघुवंशी, राजेश सिंह, दुर्गेश मिंजवा, अतुल राजपूत, पिंटू पंवार, दिलीप नागराज, आकाश वसुनिया, मनीष मेड़ा, गौतम वसुनिया दुर्गेश डामोर मौजूद थे।

## लाड़ली बहनों के खातों में आएगी आज राशि

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज प्रदेश भर की अपनी लाड़ली बहनों को नर्मदापुरम के माखन नगर बावई में राशि की सौगात दे रहे हैं। आज बहनों के खाते में हर माह मिलने वाली राशि पहुंचेगी। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक बहनों को 1836 करोड़ रु. पहुंचेंगे, जिसमें इंदौर की बहनें भी शामिल है उनके खातों में भी राशि पहुंचेगी।

# छात्रा की शिकायत पर प्रकरण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विहिप के प्रचार प्रसार प्रमुख देवा शर्मा ने बताया कि किशनगंज थाना क्षेत्र के मेडिकेप्स कॉलेज की छात्रा द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने युवक अनस शाह के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दोनों के बीच दोस्ती भी हुई थी और बाद में पड़ा कि यह युवक दूसरे वर्ग का है उसी के बाद मामला गर्माया और विश्व हिन्दू परिषद को भी लाया गया और पुलिस में शिकायत की गई। छात्र ने फोटो वायरल करने की धमकी भी दी थी। इस मामले में बजरंग दल ने छात्रा की सहायता करते हुए युवक को बुलवाया था और उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले किया था और छात्रा की शिकायत भी दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

## सम्भागायुक्त ने की संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए 8 जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में ऐसे वार्डों को शामिल कर क्लस्टर बनाये, जिससे ज्यादा से ज्यादा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण कर सकें। यह अभियान अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी कलेक्टर्स यह समझकर निगरानी करें कि इसकी सफलता पूरे प्रशासन की सफलता होगी। शिविरों में समस्याओं के निराकरण होने पर सीएम हेल्पलाइन सहित जनसुनवाई और अन्य समस्या निवारण प्लेटफार्म पर इसका असर होगा। इस अभियान की निगरानी का कार्य संभाग स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी किया जाएगा। साथ ही क्लस्टर लेवल में शिविरों की निगरानी के कार्य के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी भी नियुक्त करें। ऐसी समस्याएं जो जिला स्तर पर निराकृत नहीं हो सकती, उसके लिए राज्य स्तर से आवश्यक सहयोग लिया जाएगा। सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि 108 सेवाओं में कई तरह की सेवाओं पर सीधा असर नागरिकों पर पड़ता है।


**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री पुखराज राजपूत पिता श्री ओम राजपूत** वार्ड नं. 79 पता 1061 सिल्वर स्टार सिटी सनशाइन निहालपुर मुंडी इन्दौर इन्दौर द्वारा झोन क्र 21 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1003061724 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.21 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं.21**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री चंद्रशेखर पिता श्री लक्ष्मीचंद जैन** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं.100386717 पता 606 बिल्डिंग 2 विंग 1 शुभम नरीमन एनक्लेव इन्दौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# विराट और गंभीर को देख झूमे फैंस

## तीसरे वनडे के लिए शहर में उत्साह चरम पर टिकटों की भयंकर मारामारी, खूब हो रही ब्लैक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज अब निर्णायक और रोमांचक मोड़ पर है। पहले दो मुकाबलों के बाद दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं, जिससे तीसरा और आखिरी मैच बेहद रोमांचक होने वाला है । यह मुकाबला 18 जनवरी को इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा । दोनों टीमें इंदौर पहुंच चुकी हैं और फैंस का उत्साह चरम पर है । टिकटों की मारा-मारी खूब है और ब्लैक में भी कई गुना ज्यादा में टिकट बिक रही है। फैंस इन महंगी टिकटों को खरीद भी रहे है।



### एयरपोर्ट पर दिखा फैंस का जोश

जैसे ही खिलाड़ी इंदौर एयरपोर्ट पर पहुंचे, फैंस ने उनका जोरदार स्वागत किया । पहले गौतम गंभीर बाहर आए और उसके बाद विराट कोहली को देखकर भीड़ झूम उठी । कई प्रशंसक खिलाड़ियों की पेंटिंग लेकर खड़े थे, जिससे माहौल बेहद उत्साहपूर्ण हो गया । रोहित शर्मा, कप्तान शुभमन गिल को देख फैंस जोर-जोर से आवाज लगाने लगे। जैसे ही विराट बस की ओर बढ़ने लगे तो चिकू-चिकू की आवांजे गुंजने लगी।

## सीरीज में बराबरी, तीसरा मैच होगा निर्णायक

राजकोट में खेले गए दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड ने शानदार जीत दर्ज कर सीरीज में वापसी की । अब तीसरा मुकाबला दोनों टीमों के लिए करो या मरो की स्थिति जैसा है. भारतीय टीम के सामने सीरीज जीतने की बड़ी चुनौती है, जबकि कीवी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है ।

### बैटिंग पिच माना जाता है होल्कर स्टेडियम

तीसरा वनडे 18 जनवरी, रविवार को इंदौर के होलकर क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा । यह मैदान बल्लेबाजों के लिए मशहूर है और यहां अक्सर हाई-स्कोरिंग मैच देखने को मिलते हैं। दोनों टीमें जीत के लिए पूरी ताकत झोंकेंगी।

## हार के बाद भी आज अभ्यास नहीं करेगी टीम इंडिया, न्यूजीलैंड टीम के कुछ खिलाड़ी करेंगे अभ्यास

तीन वनडे मैचों की सीरीज में भारत और न्यूजीलैंड की टीम 1-1 की बराबरी पर है । कल दोनों टीमें इंदौर पहुंच गई है, लेकिन आज भारतीय टीम अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लेगी। टीम होटल में ही आराम करेगी। वहीं न्यूजीलैंड की टीम का भी वैकल्पिक अभ्यास सत्र रहेगा। जिसमें सभी खिलाड़ी अभ्यास करने नहीं आएंगे। न्यूजीलैंड टीम दोपहर 1.30 से 4.30 तक अभ्यास करेगी । पहला मैच जीतने के बाद राजकोट में हार मिलने के बाद भी भारतीय टीम ने आज आराम करना ही पसंद किया। टीम होटल में ही रहेगी। हालांकि कुछ खिलाड़ी आस-पास कहीं घुमने जा सकते है, लेकिन उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच जाना होगा।

## एमवायसीसी ए ग्रेड क्रिकेट स्पर्धा

**इन्दौर ।** आईडीसीए के तत्वावधान में एमवायसीसी द्वारा आयोजित एमवायसीसी ए ग्रेड स्पर्धा के अंतर्गत संजय लुणावत फाउण्डेशन एवं एलएसजीसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें संजय लुणावत फाउण्डेशन ने पहले खेलते हुए 48 ओवरो में सभी विकेट खोकर 257 रन बनाये । प्रणव परिहार ने 94 रन बनाये एवं महेश डामोर ने 37 रन बनाये। विकी कुन्नड ने 3 विकट लिये । जवाब में एलएसजीसीए की टीम 35 ओवरो में 202 रनों पर सिमट गई और यह मैच 54 रनों से हार गई । अरविंद यादव ने 4 विकेट एवं युवराज पंवार व महेश डामोर ने 2-2 विकेट लिये।



### एकेसीए की आसान जीत

इन्दौर। आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए ए ग्रेड अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एकेसीए एवं विजय क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें विजय क्लब ने पहले खेलते हुए 19 ओवरो में मात्र 51 रन बनाकर अपने सभी विकेट खो दिये । प्रतिक गुर्जर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 7 ओवरो में 5 रन देकर 7 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किये। जवाब में एकेसीए की टीम ने 9 ओवरो में 1 विकेट खोकर 52 रन बना लिये और यह मैच 9 विकेट से आसानी से जीत लिया ।



### एमबीसीए की विशाल जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एलएसजीसीए एवं एमबीसीए के मध्य खेला गया जिसमें एमबीसीए ने पहले खेलते हुए 33 ओवरो में 190 रन बनाये। आयुष पेरवाल ने 53 रन एवं प्रशांत राजपुत ने 54 रन बनाये। कृष्णा खरे ने 4 विकेट लिये । जवाब में एलएसजीसीए की टीम 21 ओवरो में 78 रनों पर सिमट गई और यह मैच 112 रनों के अंतर से हार गई । प्रशांत राठौर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 7 विकेट लिये ।

### सीसीआय की शानदार जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच सीसीआय एवं एसएलएफ के मध्य खेला गया जिसमें सीसीआय ने पहले खेलते हुए 48 ओवरो में 3 विकेट पर 227 रन बनाए। कबीर सेन ने 65 रन एवं पुर्वादित्य ने 52 रन बनाये। रोहित प्रजापत ने 3 विकेट लिये। जवाब में एसएलएफ की टीम 32 ओवरो में 98 रनों पर सिमट गई और यह मैच 129 रनों से हार गई । गौरांश व अविरथ ने 3-3 विकेट लिये।

## इंदौर ब्लॉक एवं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 18 से

**इंदौर।** संचालय खेल और युवा कल्याण मध्यप्रदेश द्वारा प्रायोजित खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2026 एमरल्ड हाईटस स्कूल राऊ इंदौर में 18 एवं 19 जनवरी को खेली जाएगी।ष्इंदौर जिला बेडमिंटन के संगठन सचिव आर.पी. सिंह नय्यर ने बताया कि खेलो एम.पी. यूथ गेम्स के तहत् खेले जाने वाली बैडमिंटन जिला एवं ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता एमरल्ड हाईटस स्कूल राऊ, इंदौर में 18 एवं 19 जनवरी को आयोजित की गई है। नय्यर ने बताया कि स्पर्धा में बालक एवं बालिका एकल युगल और मिश्रित युगल के 19 वर्ष आयु वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। स्पर्धा के मुकाबलों के आधार पर जिला स्तरीय खिलाड़ियो को चयन किया जायेगा जो कि 28 जनवरी से ग्वालियर में खेले जाने वाली एम.पी राज्य स्तरीय खेलो इंडिया स्पर्धा में भाग लेंगे। स्पर्धा मे भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों को अपना ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश फार्म भरकर संगठन सचिव आर.पी.सिंह नय्यर, सह सचिव धर्मेश यशलहा, नेहरू स्टेडियम में मनीष त्रिवेदी एवं रूबी नय्यर को 18 जनवरी दोपहर 4.00 बजे तक दे सकते हैं।

### पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में दमखम

**इंदौर ।** मप्रपक्षेविविकं के पोलो ग्राउंड इंदौर स्थित जिम्नेशियम सेंटर में गुरुवार को मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। खेल महोत्सव के तहत खेली जा रही इन प्रतियोगिताओं में कुल 400 खिलाड़ी शिरकत कर रहे है।



## पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता प्रारंभ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विद्युत मंडल पोलोग्राउंड स्थित जिम्नेशियम सेंटर में कल मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता प्रारंभ हुई।

### खेलो एमपी एथलेटिक्स प्रतियोगिता होगी

इन्दौर । खेलो को बढ़ावा देने व प्रतिभाओं को पहचान के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रारम्भ की गई खेलो एमपी प्रतियोगिता 18 जनवरी को ब्लॉक स्तरीय 19 जनवरी को जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी। इंदौर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान आयोजित यह प्रतियोगिता एमराल्ड हाइट्स स्कूल के एथलेटिक्स ट्रैक राऊ रोड पर आयोजित होगी। इंदौर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव गोविन्दा चिंतामण ने बताया कि 18 जनवरी को ब्लॉक स्तर की तथा 19 जनवरी को जिला स्तर की एटलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके अन्तर्गत जम्पस, थ्रोस व रनिंग के मुकाबले होंगे। खिलाड़ियों की उम्र 18 वर्ष से कम होना अनिवार्य है साथ ही खिलाड़ियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी कराना होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं मल्हार आश्रम ग्राउंड पर कोच जितेंद्र गौड़ से सम्पर्क कर सकते है।

## तिविषा ,हर्षवर्धन सिंह तीन वर्गों के एवं श्रेया और मेहर दो वर्गों के फाइनल में

**इंदौर ।** सरताज अकादमी द्वारा आयोजित 17वीं योनेक्स सनराइज विद्यालयीन खुली बैडमिंटन स्पर्धा में तिविषा जैन और हर्षवर्धन सिंह ने तीन -तीन वर्गों के फाइनल में जगह बनाई, मेहर आंनद और श्रेया अंग्रवाल दो-दो वर्गों के फाइनल में हैं । अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी में हो रही स्पर्धा में धार के वंश गर्ग और अदविक जैन 11वर्ष बालक,पहल चढोकर और ध्यांशी गुरसहानी 11वर्ष बालिका, हर्षवर्धन सिंह और अर्णव गौर 13वर्ष बालक, तिविषा जैन और ध्यांशी गुरसहानी 13वर्ष बालिका वर्ग के फाइनल में हैं। हर्षवर्धन सिंह और रोशन जिबिन 15वर्ष बालक एकल, श्रेया अंग्रवाल और तिविषा जैन 15वर्ष बालिका एकल, मेहर आंनद और आर्जव मरघदे 17वर्ष बालक एकल एवं श्रेया अंग्रवाल और मिश्का गुप्ता 17 वर्ष बालक एकल फाइनल में आए । अद्वितिया शर्मा और गिरिजा जाधव एवं रिद्धिमा सूद और तिविषा जैन 15वर्ष बाालिका युगल, अर्णव गौर और आरुष आर्य एवं त्रिशिर पाटीदार और हिमांश रमनानी 15वर्ष बालक युगल के फाइनल में हैं । मेहर आंनद और हर्षवर्धन सिंह एवं शौर्य प्रताप सिंह बैंस और भव्य चढोकर 17वर्ष बालक युगल फाइनल में आए । 15वर्ष बालिका युगल सेमीफाइनल में अद्वितीया शर्मा और गिरिजा जाधव ने जया यादव और नायशा पुरोहित को 21-11,20-22,21-11 से एवं रिद्धिमा सूद और तिविषा जैन ने ध्यांशी गुरसहानी और ओमिशा मेहता को 21-11,17-21,21-12 से हराया । 15वर्ष बालक युगल सेमीफाइनल में अर्णव गौर और आरुष आर्य ने आदर्श पवार और शिवांश शर्मा को 21-18,21-9 से पराजित किया । 17 वर्ष बालक एकल के सेमीफाइनल में मेहर आंनद ने भव्य चढोकर को 21-11,21-10 से और आर्जव मरघदे ने शिवांश शर्मा को 21-8,21-6 से हराया । 17 वर्ष बालिका एकल के सेमीफाइनल में श्रेया अंग्रवाल ने पहले क्रम की अर्ना बतरा को 29-27,21-13 से हराकर उलटफेर किया, मिश्का गुप्ता ने ओमिशा मेहता को 21-8,21-7 से हराया । 15वर्ष बालिका एकल सेमीफाइनल में उज्जैन की श्रेया अंग्रवाल ने धार की लविका डोदिया को 21-8,21-8 से और तिविषा जैन ने दूसरे क्रम की रिद्धिमा सूद को 21-14,21-14 से पराजित किया । 15वर्ष बालक एकल में हर्षवर्धन सिंह ने त्रिशिर पाटीदार को 21-11,21-8 से और रोशन जिबिन ने आदर्श पवार को 21-12,21-17 से हराया।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, 5 घायल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। धारदार हथियार और बेसबॉल के डंडों से हमले में दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज किए हैं।

पुलिस के मुताबिक विवाद और हमले की घटना खटके वाली गली में गत रात को हुई। पुलिस ने एक पक्ष से फरियादी रेखा सूर्यवंशी की रिपोर्ट पर आरोपी देवेंद्र, धर्मेंद्र, आदित्य, विकास उर्फ गंगा, प्रिया, प्रीति, रिंकी उर्फ मनोरमा और आयुष शर्मा सभी निवासी परदेशीपुरा के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उनके परिवार के यश उर्फ अन्ना पर आरोपियों ने हमला किया। आपसी विवाद में आरोपियों ने गालियां दीं और खंजर और डंडों से हमला कर दिया। हमले में यश को शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर सभी आठ आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। दूसरे पक्ष से पुलिस ने फरियादी रिंकी उर्फ मनोरमा सरोज पति देवेन्द्र की रिपोर्ट पर आरोपी आयुष सुनहरे, शोभा सुनहरे, अन्ना घटारे पर केस दर्ज किया है। इस पक्ष से देवेन्द्र, आदित्य, विकास उर्फ गंगा और आयुष को चोट आई है। फरियादी ने बताया कि आरोपियों ने गालियां दी और चाकू, डंडे, लोहे के पाइप से हमला किया। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

## महिला के गले से सोने की चेन झपटकर ले गया बाइक सवार बदमाश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया। वैशाली नगर क्षेत्र में पैदल जा रही एक 53 वर्षीय महिला के गले से बाइक सवार अज्ञात बदमाश सोने की चेन झपटकर फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की खाक छानना शुरू कर दी है। अन्नपूर्णा पुलिस के मुताबिक, सुदामा नगर निवासी अंजलि बोराडे (53) कल दोपहर करीब 3:30 बजे वैशाली नगर से गुजर रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए एक मोटरसाइकिल सवार बदमाश ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन खींच ली। अंजलि के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने बदमाश का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन वह भीड़भाड़ वाली गलियों का फायदा उठाकर तेज रफ्तार में भाग निकला। पुलिस हुलिए और बाइक नंबर के आधार पर लुटेरे की तलाश कर रही है।

## अवैध हथियारों के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**शहर में अपराधों पर अंकुश लगाने और अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कनाड़िया और राऊ थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों में घेराबंदी कर तीन युवकों को धारदार हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उनसे पूछताछ की जा रही है।**

कनाड़िया थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बायपास क्षेत्र में एक संदिग्ध युवक हथियार लेकर घूम रहा है, जिसके बाद पुलिस ने टीपीएस 4 रोड पर घेराबंदी कर 24 वर्षीय आकाश वर्मा को हिरासत में लिया। आरोपी आकाश मूल रूप से किशनगंज महू का रहने वाला है। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके कब्जे से एक अवैध तेज धारदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके हथियार रखने के पीछे के इरादों की जांच शुरू कर दी है। इसी तरह राऊ थाना क्षेत्र में भी पुलिस ने देर रात दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की। पुलिस ने सिलिकॉन सिटी क्षेत्र के जैन फार्म हाउस कॉलोनी और मनमंदिर मैरिज गार्डन के पीछे आम रोड से 19 वर्षीय कालूराम भील को लोहे के धारदार चाकू के साथ दबोचा। आरोपी कालूराम धार जिले के धामनोद थाना क्षेत्र का निवासी है। इसी क्षेत्र में कुछ ही देर बाद पुलिस ने एक और कार्रवाई करते हुए 19 वर्षीय मोहन भील को भी अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी मोहन भी धार जिले के धरमपुरी क्षेत्र का रहने वाला है।

## टंकी पर बच्चे को बिठाकर ले जा रहे बाइक सवार को पुलिस ने टोका





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

गीता भवन चौराहा पर ट्राफिक पुलिस जागरुकता अभियान चला रही है। पुलिस द्वारा नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालक को समझाइश दी जा रही है। एक बाइक सवार ने अपनी बेटी को बाइक की टंकी पर उलटा बैठा लिया तो सिंगिग कॉप द्वारा उन्हें समझाइश दी गई। पुलिस ने कहा कि बच्चों को फ्यूल टैंक पर बैठाना गलत है, आपने बैठा भी गलत दिशा में रखा है। पुलिस ने चालक के पीछे बैठी महिला को भी कहा कि आपको सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। आपकी बच्ची बड़ी हो गई है, उसने ठण्ड से बचने के लिए टोपा भी पहना है जिसके कारण चलाने वाले को आगे का नहीं दिखेगा। पुलिसकर्मी ने बच्ची को पीछे बिठाया और फिर रवाना किया।

## निर्माणाधीन मकान में युवती से छेड़छाड़

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के सूर्यदेव नगर में एक निर्माणाधीन मकान में काम के दौरान युवती के साथ अभद्रता और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी ने युवती को बुरी नीयत से छूते हुए उसके साथ छेड़खानी की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, 24 वर्षीय पीड़िता कल सुबह सूर्यदेव नगर स्थित एक नए बन रहे मकान में मौजूद थी। तभी प्रजापत नगर निवासी आरोपी नितेश बंगर वहां पहुँचा और उसने बुरी नीयत से युवती को छूते हुए अभद्र हरकतें शुरू कर दीं। युवती ने तुरंत वहां से हटकर अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद थाने पहुँचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी नितेश के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ससुराल जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



कनाड़िया थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय युवक की जान चली गई। युवक अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद रात में बाइक से ससुराल जा रहा था, तभी रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान मनीष पिता मनोज गोयल (40) निवासी ग्राम दादरा मुंडला देवगुराड़िया के रूप में हुई है। मनीष पेशे से लोडिंग वाहन चालक था। गुरुवार रात करीब 9:30 बजे वह अपनी बाइक से इंदौर से अपने ससुराल ग्राम केमाना जा रहा था। जब वह ग्राम बुराड़ाखेड़ी के पास पहुँचा, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनीष सड़क पर दूर जा गिरा और लहूलुहान हो गया। हादसे के बाद काफी देर तक मनीष सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा रहा। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने जब उसे देखा, तो उसके मोबाइल से ही उसके साले को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुँचे और एम्बुलेंस की मदद से उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहाँ देर रात इलाज के दौरान मनीष की मृत्यु हो गई। परिजनों ने बताया कि मनीष की पत्नी फिलहाल अपने मायके में ही थी। हादसे से कुछ देर पहले ही मनीष की अपनी पत्नी से फोन पर बात हुई थी, जिसमें उसने कहा था कि वह रात को ससुराल में ही रुकेगा।

## चेकिंग के दौरान रफ्तार का कहर..बैरिकेड्स तोड़कर जवान को रौंदते हुए निकली इनोवा

### नम्बर प्लेट गिरी पुलिस जांच में जुटी

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में बीती रात एक रफ़्तार का कहर और कानून की सरेआम धज्जियां उड़ाने वाला मामला सामने आया है। पुलिस चेकिंग पॉइंट से बचने के चक्कर में एक बेखौफ इनोवा चालक ने न केवल बैरिकेड्स तोड़ डाले, बल्कि ड्यूटी कर रहे एक पुलिस जवान को भी जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन सहित भागने में सफल रहा, हालांकि मौके पर गिरी कार की नंबर प्लेट से पुलिस उसके बारे में जानकारी जुटा रही है।

घटना रात करीब 11 बजे की है। डीआरपी लाइन का पुलिस अमला सत्य साईं चौराहे पर बने चेक पॉइंट पर वाहनों की सघन जांच कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार इनोवा एमपी-09 बीई 0227 वहां पहुँची। पुलिस टीम ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो चालक ने रुकने के बजाय गाड़ी की रफ्तार और बढ़ा दी। चालक ने सड़क पर रखे सुरक्षा बैरिकेड्स






को उड़ाते हुए गाड़ी आगे बढ़ा दी। वहां तैनात सिपाही रवि चंद्रवंशी ने जब उसे रोकने का प्रयास किया, तो कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि झटके के साथ कार की नंबर प्लेट टूटकर वहीं सड़क पर गिर गई। साथी पुलिसकार्मियों ने तुरंत घायल जवान रवि को बॉम्बे अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उसका उपचार जारी है। लसूड़िया पुलिस ने मौके से बरामद हुई नंबर प्लेट के आधार पर वाहन मालिक की जानकारी निकाल ली है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।